परमेश्वर की शक्ति रूपांतरण के लिए

[भाई कार्ल विलियम्स, भाई ब्रंहम का परिचय देते है।—सम्पा।] धन्यवाद भाई ["निश्चित रूप से भाई ब्रंहम अक्सर फिनिक्स में आना सौभाग्य की बात है। मैं समझता हूं कि वे कहीं से भी ज्यादा फिनिक्स में आते है। और हम चाहते हैं कि वे आते रहे, जब तक मैं कैसे भी यहां हूं। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई ब्रंहम।"] धन्यवाद, आपका धन्यवाद भाई विलियम्स ।

मित्रों शुभ प्रात:। मैं... शेकेरियन परिवार, भाई विलियम्स और बहन विलियम्स और उन में से बहुत से इस विषय में जानते हैं, इसके पहले कि वह बीमार पड़ती, मैंने लगभग दो–तीन वर्षों पहले दर्शन में देखा था, और यह हो गया।

2 बीते वर्ष जब हम यहां पर थे, मैं विश्वास करता हूं, यह जनवरी की बेदारी में था, यह वह समय था कि वह पादरी (उसका क्या नाम है? अभी मैं उसका नाम भूल गया) यहां था। [कोई कहता है "स्टेंले।"—सम्पा।] स्टेंले, बिशप स्टेनले, कैथोलिक कलीसिया से आपको याद है जब वह मेरे लिए बाईबल लाये थे, आप जानते हैं, और उसने मुझसे कहा।

यह बहुत सी भविष्यवाणियां थी, "मेरी पुत्री तुम चंगी हो गई हो।"

3 और उसे मालूम था कि दर्शन ने कह दिया कि वह चंगी नहीं होगी, वह प्रात: दो या तीन के बीच मर जाएगी याद है? [कोई "हां" कहता है—सम्पा।] इसलिए दो या तीन बजे।

4 और मैं देमास को बता नहीं सका और फिर भी मैंने उसकी सौतेली मां को बता दिया, वहां उस पास कमरे में मैंने कहा कि, "वह चंगी नहीं होगी।"

श्रीमती शेकरियन ने कहा, "भाई सब ही भविष्यवाणी कर रहे हैं।"

5 मैंने कहा, "नि:सन्देह," मैं अपने आप में गलत हो सकता हूं, परंतु मैंने यह कहा है कि वह चंगी नहीं होगी।

6 तीन वर्ष पहले मैंने बहुतों को बताया था, "मैंने उसे जीवन के लिए भागते देखा, और वह बिस्तर पर चली गई। वह हाथ उठाकर मेरे लिए चिल्लाई, इस प्रकार से और मैं उस तक पहुंच ही नहीं पाया और फिर मैंने

उसे मरते हुए देखा। और मैंने देखा, वहां कुछ था, वहां एक घड़ी थी और उसने कुछ कहा दो या तीन के बीच।"

7 और इसलिए बिशप ने कहा, "ठीक है, मैं देखूंगा और देखता हूं कि यह कैसे घटित होता है।" इस प्रकार यह घटित हो गया।

8 निश्चय ही हम दु:खी है, मैं अनुभव करता हूं कि कलीसिया ने एक महान व्यक्ति को दिया, बहन शेकेरियन में होते हुए। परंतु वह एक महान गायिका थी, .वह आत्मा से भरी महिला थी।

9 मैं उनकी मां के साथ था; उनकी मां से मेरा पहला संपर्क पश्चिमी किनारे पर हुआ था, जब उस उनकी मां चंगी हुई थी जब डॉक्टर लोग... वह कोमा में थी और सारे में सूजन थी। और इसलिए डॉक्टर जो वहां था, उसने मुझे बताया, कहा, "जब आप प्रार्थना करते हैं, तो बहुत शांती से करें, ज्यादा शोर ना करें। महिला मर रही है।"

मैंने कहा, "जी, श्रीमान।"

10 और तब उसने कहा बस मुझे बताता गया, और भाई जैसे कि मुझे अपनी बात कहने तक का अवसर ना मिला।

11 इसलिए यह भाई देमास थे मुझ से कहा, "आप आगे बढ़े और ऊपर सीढ़ियों पर जाए।"

12 इसलिए मैं ऊपर सीढ़ियों पर गया। और फ्लोरेंस फर्श पर घुटने टेके हुयी थी, एक छोटी सुंदर लड़की और महिलाये और जा कर उसके लिए प्रार्थना करें और यह बताया। और वह बेहोश थी और उसे बताया कि वह फिर से उठेगी, और वह उठी, दो एक वर्षों बाद, वह मर गयी और अब परमेश्वर हमारी प्रार्थनाये सुनता है।

13 और हम यह जानते हैं, हम विश्वास करते हैं कि हम यहां परमेश्वर की इच्छा से आए हैं, और हम ऐसा ही विश्वास करते हैं। एक–एक करके हम से प्रत्येक उस द्वार को पार करेगा। और इसलिए, आज प्रात: हम यहां पर है इस क्रिश्चियन बिजनेसमैनस की संगति में जमा है, इन बातों को बोले, और उनके लिए तैयार करें, क्योंकि हम जानते हैं, निश्चय ही उन्हें आना है।

14 अब बहन फ्लोरेंस एक युवा स्त्री है, भाई विलियम्स ने अभी–अभी मुझे बताया कि वे 42 वर्ष की है और बहुत ही युवा। परंतु इसके पहले, वह

जानती कि उसे यह रोग है, क्यों, मैंने एक उसका दर्शन देखा मुझे उसका परिणाम बताया। तब यह होगा, परमेश्वर इस सब के विषय में जानता है और उसने यीशु को कमरे में देखा, इसके पहले कि वह जाती। हम उसके लिए प्रार्थना नहीं करना चाहते, क्योंकि हमने उनके लिए बहुत कर दिया। हम उस जीवन के लिए परमेश्वर का धन्यवाद देना चाहते हैं, जो हमारे मध्य में था, जिसने बहन शेकेरियन के रूप में हमें प्रेरित किया।

15 और हम भाई देमास और बहन रोज के लिए प्रार्थना करना चाहते हैं, और याद रखें, उनके जीवन को एक भयानक जोरदार आघात लगा है, अंत में... यह उसके पिता, और उसकी बहन अब अपने... पिछले वर्ष [कोई भाई ब्रन्हम से बात करता है।—सम्पा।] परंतु और हां दस महीनों से कम में और बहन, बहन इडना भी।

16 इसलिए मैं जानता हूं मुझे भाई देमास से कितनी सहानुभूति है, मेरे एक पिता, भाई, पत्नी और बच्चा था, कुछ ही दिनों के अंतर से चले गए, इसलिए मैं—मैं जानता हूं कि उन्हें इस प्रात: कैसा अनुभव हो रहा है। आप केवल तभी जान पाते हैं, जब आप स्थिति में है, यही तब आप जान पाते हैं कि सहानुभूति कैसे होती। और...

17 [माईक सीटी मारता है।—सम्पा।] यह मैंने स्वयं किया। मुझे क्षमा करें, मैंने यही कही छोटे उपकरण नें हाथ मार लिया, इसलिए मुझे खेद है, मैंने इसे इसकी आवाज बढ़ा दी, करना नहीं चाहता था।

18 आईये हम खड़े हो जाए, जबकि हम... यदि आप सकते हैं, यदि... आईये अपने सिरों को झुकाये।

19 स्वर्गीय पिता, इस प्रात: आपकी आराधना करने के लिए यहां जमा है, और तुझे धन्यवाद और महिमा देने के लिए कि हमारे छुड़ाने वाले यीशु को भेजा कि इस जीवन के बाद हमारे पास एक आशा है, यह देखते हुए कि यह इतना और अनिश्चित है कि हम यहां सारे समय जीवित है। और पिता अपनी देहो की बुरी दशा देखते हुए कि उसमें जा सके, और हम आनंदित है कि हमें यहां सारे समय नहीं रहना है, आपने बच निकलने के लिए मार्ग बनाया है, वहां उस मृत्यु की घाटी में से होते हुए।

20 और पिता हम उस जीवन के लिए, जो हमारे साथ खड़ा रहा, जो कि एक वर्ष से कम पहले आपकी स्तुती गाती थी, बहन फ्लोरेंस शेकेरियन जैसा कि हम उसे जानते हैं। और आपने हमें बहुत पहले बताया यहां तक कि वर्षों

पहले कि यह घटित होने जा रहा है कि यह हमारे लिए बड़ा आघात होगा और हम जानते हैं जो आप कहते हैं सत्य होता है। और फिर आपका वचन कहता है, "एक मनुष्य जो स्त्री से जन्म लेता है, उसके जीवन के थोड़े से दिन दु:खो से भरे होते हैं।" हम जानते हैं कि यह भी सत्य है, प्रभु। हम जानते हैं कि हम सबको उस घाटी में होकर निकलना है। इसलिए उनके जीवन के लिए जो इस पृथ्वी पर हम धन्यवाद करते हैं, और विश्वास के द्वारा विश्वास करते हैं कि अब इस प्रात: कि वह इस दयनीय कष्ट के घर से उस महिमामय देह में चली गई है, जो कभी बीमार नहीं हो सकती। और उनके गाने की प्रतिभा और आवाज, जो उनकी थी, और वह आत्मा जो बहुतायत से और मसीह के अनुग्रह के साथ थी! कि वह इस प्रात: वापस आ सकती थी; तो वह किसी भी प्रकार से यह नहीं करती, वह इस सब में से होकर फिर निकलती, जो कि अब पूरा हो गया। वह अपनी माता और पिता के साथ है, उन्होंने अपने बालक को घर बुला लिया। इसलिए हम—हम आपको धन्यवाद देते हैं।

21 और हम अपने भाई शेकेरियन की स्वतंत्रता के लिए प्रार्थना करते हैं, हमारा प्रिय भाई, जानते हुए कि एक जीवन जीया गया, और आखिरी के दिनों कि वेदना जिसमें होकर वह निकले और जिसमें वह है; उनकी बढ़ती उम्र देखते हुए, और बाल उतर रहे हैं, कंधे झुक रहे हैं, और फिर भी परमेश्वर के लिए कार्य क्षेत्र में टिके रहने का यत्न कर रहे हैं। आज परमेश्वर उन्हें शक्ति दे, परमेश्वर हम प्रार्थना करते हैं कि आप यह प्रदान करेंगे, और उन सबको जो उनके जाने से संतप्त है, हम प्रत्येक के लिए प्रार्थना करते हैं।

22 और प्रभु होने दे, जैसा कि हम इस पर सोच रहे हैं, याद रखते हैं कि हमें भी किसी दिन जाना है। जबकि हम यहां मिल कर बैठे हैं, यहां प्रभु यीशु की उपस्थिति में, हम आपसे मांगते हैं कि आप यह फिर से सुमृति को ताजा कर देंगे। और हम जांचे, जैसा कि यह था या अपने जीवन की सूची तैयार करें, कि हम जो लहू के नीचे हैं, और विश्वास में है। प्रभु, इसे प्रधान ग्रहण करें।

23 अब जैसा कि इन परिस्थितियों में, मैं लोगों के लिए छोटा सा संदेश लाना चाहता हूं, आज मैं प्रार्थना करता हूं कि आप मेरी सहायता करेंगे, प्रभु मुझे शक्ति दे, क्योंकि मुझे—मुझे—मुझे इसकी आवश्यकता है, प्रभु।

और मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इसे ग्रहण करेंगे, और कुछ ऐसा बोला जा सके जिससे आपका सम्मान हो। और यदि आज प्रात: कोई संदेश की आवाज के नीचे और जो उस घड़ी में जो उनके सामने है, आपसे मिलने के लिए तैयार नहीं है, होने पाए, यह समय हो कि वह अपने आप को उसे समर्पित कर दें, जिसने कहा, "मार्ग, जीवन और सत्य में हूं," हमारा प्रभु यीशु मसीह, क्योंकि यह हम उसके नाम में मांगते हैं। आमीन। (आप बैठ सकते हैं।)

24 [कोई प्रचार मंच पर भाई ब्रन्हम से बात करता है।—सम्पा।] भाई यहां यह जानना चाहते हैं कि सब को ठीक सुनाई पड़ रहा है। इसके पास दो माईक है। क्या यह ठीक है? क्या आप सुन सकते हैं? यदि आप सुन सकते हैं? तो अपना हाथ उठाये। आप सुन सकते हैं? अपने हाथ उठाये। ठीक है।

25 मुझे खेद है कि हमारे पास बैठने के लिए जगह नहीं है, हर किसी के लिए इस प्रात:। और हम विश्वास करते हैं कि हम लंबे समय तक नहीं रुकेंगे, इतना ही हो सकता है, हो सकता है वचन का एक पढ़ना; कि प्रभु अपने वचन को सम्मान देगा, जो पढ़ा जा रहा है, और अपना अनुग्रह प्रदान करेगा, ताकि इसके द्वारा हम उसकी सेवा करें।

26 अब आज प्रात: मुझे बिली पॉल के द्वारा बताया गया, हो सकता है कि अगले रविवार हम ग्रांट वे असेंबली ऑफ गॉड में ट्यूसान में बोलेंगे। यदि यहां कोई ट्यूसान से है, हो सकता है मैं इस सप्ताह आपसे ना मिलू। मैं वहां ग्रेट फैमिली असेंबली ऑफ गॉड में अगले रविवार होऊंगा।

27 हम हाल ही में पूर्व से आए हैं। मैं थोड़ा सा भटक गया हूं क्योंकि लोगों की मेहरबानी से मैंने वहां क्षमता से अधिक खा लिया, वहां पहाड़ों पर। और—और मैं बीमार पड़ गया, इसलिए इस सप्ताह मुझे अच्छा अनुभव नहीं हुआ। इसलिए आप मेरे लिए प्रार्थना करें। और...

28 [कोई कहता है बहुत सारा ओपोसम—सम्पा।] आप क्या कहते हैं? ["बहुत सारी ओपोसम।"] भाई कार्ल विलियम मसखरी कर रहे हैं, और मैं सोचता हूं कि हमें इस समय इसकी आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि, "बहुत सारा ओपोसम।" मैं नहीं जानता कि भाई कार्ल, परन्तु गिलहरियों का पूरा झुंड। [भाई ब्रन्हम हंसते हैं।]

29 इसलिए आज प्रात: आप किसी के लिए प्रार्थना करना चाहते हैं, क्यों, निश्चय ही, मैं—मैं इसकी सराहना करता हूं, यदि आप में से कोई मेरे लिए प्रार्थना करेगा, क्योंकि मुझे—मुझे इसकी जरूरत है।

अब हम जल्द ही वचन में जाएंगे।

30 मैं आप लोगों को यहां अधिक समय तक रोके नहीं रखना चाहता हूं, क्योंकि मैं विश्वास करता हूं इस प्रात: राष्ट्र में बहुत से टेलीफोन से जुड़े हुए हैं, और यह पश्चिमी किनारे से पूर्वी किनारे तक और उत्तर से दक्षिण। बहुत सारी असेंबलीयों ने यह स्थान लिया है जो आपके पास यहां इस आराधनालय से है। इसका तार फिनिक्स में भी जुड़े हुए हैं, हर कहीं यह सभा हो रही है, यह ठीक है इसमें है और वे आराधनालय और घरों में जमा है, इस प्रकार की बातें, बहुत ही अच्छी विधि है। वे यह कहते हैं कि यह रेडियो प्रसारण से भी अच्छा है, यह टेलीफोन सेवा, वे माईक्रोफोन को रिसीवर रख देते हैं, कमरे में यह जैसा भी है। और वे... मेरी पत्नी ने कहा पिछले सप्ताह इंडियाना से ट्यूसान आई है। यह ऐसा ही है, जैसे कमरे में खड़े हैं। इसलिए हम प्रार्थना करते हैं कि परमेश्वर जो इस संसार से जुड़े हैं, उन सब को आशीष दे, वे जहां कहीं भी है। न्यूयॉर्क में भी यह होगा, ओह, इस दोपहर बाद जैसा की राष्ट्र में भिन्न–भिन्न समय है।

31 अब रोमियो की पुस्तक में 12 वां अध्याय, पहला और दूसरा पद, हम यह वचन पढ़ना चाहते—चाहते हैं।

> *इसलिए हे भाइयों, मैं तुमसे परमेश्वर की दया सम्मरण दिला कर विनती करता हूं कि अपने शरीरों को जीवित और पवित्र और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ यही तुम्हारी आत्मिक सेवा है।*
>
> *इस संसार के सदृश्य ना बनो; परंतु तुम्हारे मन के नये हो जाने से तुम्हारा चाल चलन भी बदलता जाए, जिससे तुम परमेश्वर की भली... और भावती और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो।*

32 अब यदि प्रभु ने चाहा, इस प्रात: में इस विषय को लेना चाहता हूं *परमेश्वर की शक्ति (सामर्थ) रूपांतरण के लिए*।

ताकि तुम संसार के सदृश्य ना बनो; परंतु... तुम्हारे मन के नए हो जाने से अब और यह सिद्ध किया वह जो अच्छा है, सिद्ध और ग्रहणयोग्य परमेश्वर की इच्छा।

33 यह पुराना जाना पहचाना विषय है, बहुत से सेवकों ने इसे अपने समय में लिया होगा, जब से यह लिखा गया है, यह प्रयोग किया जा रहा है। परंतु फिर भी परमेश्वर के वचन के विषय में यह बात है, कि यह कभी पुराना नहीं होता, क्योंकि यह परमेश्वर है, यह कभी भी पुराना नहीं होता। अब हर पीढ़ी में से होते हुए, लगभग अठाईस सौ वर्षो या और परमेश्वर का यह वचन मनुष्य, पादरियों और आदि–आदि के द्वारा पढ़ा जाता रहा और यह कभी भी पुराना नहीं हुआ। मैं इसे स्वयं पिछले 35 वर्षों से पढ़ रहा हूं, और हर बार मैं इसे पढ़ता हूं, तो मैं कुछ नया पाता हूं जिसे कि मैं पहली बार देखता हूं। क्योंकि यह प्रेरणा से भरा है, यह परमेश्वर (शब्द) वचन के रूप में है, यह परमेश्वर का बोला हुआ गुण, और यह कागज पर है।

34 बहुत सी बार मनुष्य ने कहा, "भाई मनुष्य ने यह बाईबल लिखी है।" नहीं, बाईबल स्वयं में कहती है कि बाईबल परमेश्वर ने लिखी है। यह परमेश्वर का वचन है।

35 और यह कभी असफल नहीं हो सकता, यीशु ने कहा, "स्वर्ग और पृथ्वी असफल हो जाएंगे, टल जाएंगे, परंतु मेरे वचन कभी असफल नहीं होंगे।" और यह सफल नहीं हो सकता, और परमेश्वर होने के नाते यह उसका भाग है।

36 और आप पुत्र और पुत्री होने के नाते आप इसका भाग है, और यह आपको उसका भाग बनाता है, इसलिए हम संगति से मिल कर परमेश्वर के वचन के चारों ओर आते हैं।

37 अब यह वचन (शव्द) *रूपांतरण,* बीते कल मैंने शब्दकोष में देखा था, जबकि मैं अपने समय की लीक को खो चुका था कि मुझे यहां होना है, जब मैं विषय को देख रहा था, और मुझे यह शब्द मिला या बल्कि यह मूल पाठ, पवित्र लेख। और शब्द कोष में यह कहता है, यह "कुछ जो बदलता है।" इसे "बदलना है।" *रूपांतरण हुआ,* जो यह था, उससे भिन्न हो गया। यह था, "इसका चरित्र और इसमें का सब कुछ बदल गया," *रूपांतरण होना*।

38 मैं सोचता हूं आज प्रात: उत्पत्ति एक, यह संसार बेडौल था, और यह खाली था और अंधकार पृथ्वी पर था; कुछ नहीं पूरी रीती से अव्यवस्थित। और जब यह संसार इस दशा में था, तो परमेश्वर का आत्मा जल की सतह पर मंडराता था, और सारा चित्र बदल गया था; उस सारी अव्यवस्था से अदन की वाटिका में। यह परमेश्वर की रूपांतरण वाली शक्ति है, जो कुछ नहीं उसमें से कुछ ले लेना, कुछ नहीं और उसमें से कुछ आश्चर्य जनक बना देना। परमेश्वर के रूपांतरण की शक्ति!

39 वचन को पढ़ने के द्वारा, हम समझते हैं कि परमेश्वर ने इस अदन वाटिका को बनाने में छह—छह हज़ार वर्ष लगाए। अब हो सकता है, उसने इतना लंबा समय ना लगाया हो, बस अनुमान लगाते हैं और वचन से इस बात को लेते हैं, जहां यह कहा गया, "परमेश्वर के यहां एक दिन पृथ्वी के हजार वर्ष के बराबर है," यह यदि परमेश्वर को समय की गणना करना है। और कहते हैं, यह छह हज़ार वर्ष थे, उसने इस पृथ्वी के लिए लगाए, और उसने पृथ्वी में सारे अच्छे बीज बो दिए। और वहां हर चीज बहुत सिद्ध थी।

40 मैं बहुत बार सोचता हूं, जब आलोचक उत्पत्ति की पुस्तक को पढ़ना शुरू करते हैं, वे उसकी आलोचना आरंभ कर देते हैं, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है, यह अपने में स्वयं को निरंतर दोहरा रहा है या आपको इधर–उधर घुमा रहा है।

41 परंतु यदि एक क्षण के लिए यह ध्यान करें, इसके पहले कि हम अपने विषय पर जाये, कि मूसा ने दर्शन देखा और परमेश्वर उससे बोला, परमेश्वर मूसा से आमने–सामने बोला, होठों से कान में। अब वह इस प्रकार से कभी किसी मनुष्य से नहीं बोला, जैसे वह मूसा से बोला। अब मूसा एक महान था, भविष्यवक्ताओं में, सब से बड़ा भविष्यवक्ता, वह मसीह का एक प्रतीक था। और अब परमेश्वर बोल सकता था, उसके पास आवाज है, यह सुना गया, परमेश्वर बोल सकता है।

42 और परमेश्वर लिख सकता है। परमेश्वर ने दस आज्ञाये अपनी उंगली से लिखी, एक बार उसने अपनी उंगली से बाबुल की—की दीवार पर लिखा। एक बार वह नीचे झुका और रेत में लिखा अपनी उंगली से। परमेश्वर बोल सकता है, परमेश्वर पढ़ सकता है, परमेश्वर लिख सकता है।

43 परमेश्वर सारे अनुग्रह, और सामर्थ और सारी दिव्य बुद्धि का सोता है, यह परमेश्वर में है। इसलिए यह जानते हुए कि केवल वही सृष्टिकर्ता है सिवाये परमेश्वर के कोई और सृष्टिकर्ता नहीं है। शैतान बिल्कुल कोई सृष्टि नहीं कर सकता, वह तो सिरजे हुए में मिलावट कर सकता है। परंतु केवल परमेश्वर ही सृष्टिकर्ता है।

44 इसलिए उसने वचन के द्वारा सृष्टि की, उसने अपना वचन भेजा। इसलिए वे सारे बीज, जो उसने पृथ्वी पर रखें, उसने उन बीजों को अपने वचन से सिरजा, क्योंकि वहां उस बीज को बनाने के लिए कुछ नहीं था। और उसने उन्हें वहां रखा, और वे जल के नीचे थे। बस उसने कहा कि, "*यह* हो जाए, और *वह* हो जाए।"

45 अब हम बहुत सी बार पाते हैं, यह ऐसा लगता है कि बाईबल दोहरा रही हैं, या कुछ ऐसा कह रही है कि जो यह नहीं कहती है। उदाहरण के लिए, उत्पत्ति एक में हम पाते हैं कि, "परमेश्वर ने अपने ही स्वरूप में मनुष्य की सृष्टी की, अपने ही स्वरूप में उसने उसकी सृष्टि की; नर और नारी करके उसने उनकी सृष्टी की।" और फिर वह आगे बढ़ता है, और पृथ्वी पर बहुत सी घटनाएं घटती है।

46 तब हम इस बात को पाते हैं, कि भूमि जोतने के लिए कोई मनुष्य नहीं था। "तब परमेश्वर ने पृथ्वी की मिट्टी से मनुष्य की रचना की।" वह एक भिन्न मनुष्य था। "और उसने उसमें जीवन का आत्मा फूंका, और वह एक जीवित प्राणी हो गया।"

47 पहला मनुष्य परमेश्वर की छवि पर था, जो कि आत्मिक था। यूहन्ना चार कहता है, "परमेश्वर आत्मा है, और वे जो उसकी आराधना करते हैं उन्हें उसकी आराधना आत्मा और सच्चाई में करनी है।" परंतु परमेश्वर एक आत्मा है। और पहला मनुष्य, जिसकी उसने सृष्टी की, वह आत्मिक मनुष्य था, और वह एक छवि में था और परमेश्वर की समानता में।

48 और फिर इस मनुष्य को देह में रख दिया, और मनुष्य गिर गया। इसलिए परमेश्वर नीचे उतर आया और मनुष्य की समानता में हो गया, ताकि गिरे हुए मनुष्य को छुड़ा ले, यह सुसमाचार की वास्तविक कहानी है, मेरे—मेरे विचार में।

49 अब परमेश्वर ने इन छह हज़ार वर्षों में यह सारे शानदार बीज बो दिए, या उसने अपना वचन बोला था। "यह *इस* प्रकार से होगा। *यह* पेड़ होगा।

यह होगा।" हर चीज सिद्ध थी। यह बस अच्छा था। और उसने प्रत्येक बीज को आज्ञा दी कि वे होंगे, वे अपने आपको वृक्ष में रूपांतरण करेंगे। जिस प्रकार का जीवन परमेश्वर के वचन ने बोला था उसमें उन को होना था। यदि वह एक बांज का वृक्ष था, उसे बांज को ही उगाना था। यदि यह एक ताड़ का था, तो इसे ताड़ का ही उगाना था।

50 क्योंकि, महान रचियता ने अपना वचन भेजा, और वचन बीज वहां था। इसके पहले कि वास्तविक बीज कभी पाया गया, और वचन ने बीज को बनाया। देखो, "उसने संसार को उन चीजों से बनाया, जो प्रगट में नहीं थी।" देखो, उसने—उसने संसार को अपने वचन से बनाया। परमेश्वर ने बोल कर हर चीज को अस्तित्व में ले आया।

51 और परमेश्वर होने के नाते, सृष्टिकर्ता होने के नाते, हर चीज को अस्तित्व में ले आया, इसे एक सिद्ध संसार होना चाहिए था। यह एक—एक सुंदर स्थान था, यह एक वास्तविक मूल स्वर्ग लोक पृथ्वी पर था।

52 जैसा कि हर स्थान का कही कोई मुख्यालय होता है। इस बेदारी का एक मुख्यालय था, और इस धार्मिक कर्म का एक मुख्यालय था, और कलीसिया का एक मुख्यालय था, और परमेश्वर का एक मुख्यालय। और इसलिए इस महान स्थान का, राष्ट्र, जिसमें हम रहते हैं, इसका मुख्यालय है। इसलिए यह महान अदन का एक मुख्यालय था, और मुख्यालय अदन की वाटिका की ओर, या अदन में, वाटिका के पूर्व में।

53 और इस पर इसे वहां रखा, कि उसकी इस महान सृष्टि यहां पृथ्वी पर शासित की जाए, उसका पुत्र और उसके पुत्र की दुल्हन, आदम और हवा।

54 परमेश्वर आदम का पिता था। "आदम... परमेश्वर का पुत्र था।" वचन के अनुसार। वह परमेश्वर का पुत्र था।

55 परमेश्वर ने उसके लिए एक सहायक बनाया, उसकी अपनी देह में से, संभवत: उसके अंदर से पसली ले कर, ताकि वह उसके समीप रहेगी, और उसे एक सहायक बनाया। अभी तक वह वास्तव में उसकी पत्नी नहीं थी, इस से अधिक नहीं वह अभी एक मनुष्य था, उसने केवल यह बोला था। और यही जहां परेशानी आती है, शैतान ने उसे आदम से पहले लिया। इसलिए वह केवल उसका एक वचन थी, उसने बोला था।

56 मैं यह कहता हूं, मैं इस बार अधिक समय नहीं लगाना चाहता हूं, परंतु आप में से कुछ लोग थोड़ा भ्रमित हो सकते हैं, विशेषकर, कुछ जो

लोग दक्षिण से है, लगता है कि संदेश पर थोड़ा चक्रा गए; जो कि आज मेरे पास परमेश्वर से है, लोगों के लिए, वह सर्प वंश के विषय में। प्रभु ने चाहा तो, इन्हीं दिनों में मैं वापस घर जैफरसनविले जा रहा हूं, इस सब को स्पष्ट करने के लिए में लगभग छह घंटे का संदेश चाहता हूं, ताकि हम इस प्रकार से रखेंगे कि आप जान जाएंगे कि हम किस विषय में बात कर रहे हैं, और **यह यहोवा यो कहता है,** है। यह इतना ही सच्चा है, जैसे यह जब मैंने अपनी बहन फ्लोरेंस को उसके वर्षों पहले जाने से वर्षों पहले देखा, वर्षों पहले, देखिए, यह सत्य है। और अब, हो सकता है, इसे गलत समझ जाए।

57 यदि कोई एक मेरे पास आएगा, कुछ भिन्न, मैं अपने में एक प्रकार से गलत समझा जाऊंगा, कोई क्या कहता है। मैं आलोचना नहीं करना चाहता, हम एक दूसरे की आलोचना के लिए नहीं है। इसे करने के लिए मैं दोषी नहीं हूं, मैं प्रभु का धन्यवाद करता हूं कि मैंने पाप और अविश्वास की आलोचना की है; परंतु किसी व्यक्तिगत, व्यक्ति की नहीं, देखिए, मैं—मैं नहीं। हम—हम लोग भाई और बहनें हैं, संघर्ष कर रहे हैं, हम वहीं आ रहे हैं, जहां कल प्रात: बहन फ्लोरंस आयी, वह हम सब उसी मार्ग पर आ रहे हैं। और मेरा उद्देश्य यह बिल्कुल नहीं है, कि मैं किसी भाई या बहन की आलोचना करने का यत्न करूं, जो आपके साथ सहमत ना हो, नहीं, मेरे से यह करना दूर रहे। मैं नहीं सोचता कि आप कोई टेप कभी पायेंगे कि मैंने उस पर किसी का नाम लिया हो, जब कि मैंने कई बार व्यक्ति को गलत आया परंतु यह उसके और परमेश्वर के बीच है। परंतु जो गलत है, पाप के मार्ग में और... और कभी–कभी कुछ का कुछ समझना पाप ही नहीं है, यह तो बस लोगों द्वारा गलत समझना है। और मैं—मैं सोचता हूं हम में से हर एक को अधिकार है, हमें गलत समझने को प्रगट करें।

58 अब इस महान सृष्टिकर्ता ने अपने सृष्टि किए पुत्र को रखा। अब आदम उसका पहला सृष्टि किया हुआ पुत्र था, यीशु उसका *इकलौता* पुत्र था, देखिए, वह स्त्री के द्वारा जन्मा। परंतु आदम सीधे–सीधे परमेश्वर के हाथों से सृष्टि में रचा गया।

59 अब मुख्यालयो, उसके अपने—अपने पुत्र और उसके पुत्र की दुल्हन के साथ कुल मिला कर इतना सिद्ध लगता है। वहां एक—एक मनुष्य था, जो इस सब का प्रधान था, उसका अपना पुत्र और उसकी दुल्हन।

60 और हर बीज सिद्ध था, ताड़ का, बांज का, और घास का और चिड़ियाये और पशु। और हर चीज, सिद्ध क्रम में परमेश्वर की आज्ञा के साथ, "आपके स्वभाव को नहीं बदलते। अपने ही प्रकार का उत्पन्न करते हैं, हर बीज! बांज, आप कभी भी मिलावट ना करें, और इसे पौव—पौव वृक्ष बनाये।" समझे? "ताड़ को किसी और वृक्ष में मिलावट ना करें। परंतु हर बीज अपने ही प्रकार का।" और उसने—उसने समयो से होते हुए इन बातों को देखा था।

61 उसने वचन बोला था और उसकी महान सृष्टि सामर्थ ने इन चीजों को आकार दिया, जो उभरकर आयी, और यहां तक कि पुरुष और स्त्री और वे प्रधान थे, क्योंकि वे थे... वे सारी जातियों से उत्तम थे। और उसने उन सब को भी उसी चीज की सुरक्षा में रखा, जिसमें उसने वृक्षों, और पशुओं को रखा और आदि–आदि को! अपने वचन के, उन्हें कभी नहीं करना चाहिए था, किसी भी रीति से नहीं, कि उस वचन को तोड़े, उन्हें वही स्थिर रहना चाहिए। "उसमें से कभी कुछ ना निकाले, या उसमें कुछ मिलाये है! आपको इस वचन से जीवित रहना चाहिए।"

62 जब तक यह सृष्टि इस प्रकार से अस्तित्व में होती, बहन शेकरियन को इस प्रात: नहीं जाना पड़ता, जब तक यह इस प्रकार से टिकी हुयी है, परमेश्वर की महान व्यवस्था। यही जो हम विश्वास करते हैं कि हम पीछे जा रहे हैं; हम उसी स्थान पर वापस जा रहे हैं।

63 कहां? उस सातवीं प्रात:, जब परमेश्वर ने सब पर दृष्टि की और उसने कहा, "यह अच्छा है। मैं—मैं इससे इससे आनंदित हूं। हां, मैं—मैं—मैं प्रसन्न हूं कि मैंने इसे किया। और यह सब नियंत्रण में है, और मैंने अपने पुत्र और उसकी पत्नी पर विश्वास किया है कि वे करेंगे (इस सब पर प्रधान बनाया है), वे इस पर ध्यान रखेंगे कि यह ठीक है कि हर चीज अपने ही प्रकार का उगाए, अब उसके पास यह करने की सामर्थ थी।" तब परमेश्वर ने कहा, "ठीक है, यदि यह सब इतना अच्छा है, और यह और कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि यह मेरी अपनी इच्छा है, मैं इसको ऐसे ही चाहता हूं। और मैंने इसी प्रकार से बोला था और मेरे वचन ने इसको ठीक उसी प्रकार प्रगट किया जैसा मैं चाहता था, और यह यहां पर है। यह सब अच्छा है!" इसलिए बाईबल ने कहा, "सातवें दिन परमेश्वर ने अपने सारे कार्यों से विश्राम किया।"

64 और हर चीज नियंत्रण में थी कि अपने ही प्रकार का फिर वापस लाए। अब स्मरण रखे, "लाना।" जब उसने बीज को भूमि में रखा, तो बीज केवल अपने में जीवन की सामर्थ के साथ आ सकता था, कि बीज को वृक्ष में बदल दे या यह जो भी था, उसके रूपांतरण की शक्ति! जब परमेश्वर ने बीज को वहां रखा, इस संभावना के साथ कि यह वही होगा जो उसने कहा, वही होगा और जब तक वह अपनी सही जाति में रहेगा, तो यह ठीक वही रहेगा जो परमेश्वर ने कहा "यह होगा।" इसे वैसा ही होना है, क्योंकि उसने इसे उसी प्रकार से बनाया है और एक मार्ग बनाया है। कि कोई भी चीज जो उसके मार्ग में स्थिर रहती है, उसके वचन की पंक्ति में, उसे उसकी वचन की ठीक अनुसार उत्पन्न करना है, जो कहा कि होगा, यह वहां से विचलित नहीं हो सकता, यह बिल्कुल ठीक मार्ग पर है। इसलिए हर चीज में, उसके अपने पुत्र के विश्वास के साथ कि यह वैसा ही होगा, तब परमेश्वर ने कहा, "यह सब अच्छा है, इसलिए मैं विश्राम करूंगा। और प्रत्येक बीज के पास अपनी सामर्थ अपने में कि स्वयं को जाति में रूपांतरित करें, जिसकी मैंने इच्छा की है। यही जो उसे होना चाहिए, क्योंकि मैंने हर बीज को रूपांतरण की शक्ति दी है कि स्वयं को निर्मित कर ले, अपने संभावित में, अब अपने आपको ठीक वैसा वैसा बना लें, जो मैंने चाहा है।"

65 परमेश्वर कभी नहीं बदला, आज वैसा ही है, जैसा तब था। परमेश्वर ने कुछ करने का विचार किया। वह इसे करेगा। उसे कोई नहीं रोक सकता। वह इसे करेगा!

66 अब कुल मिला कर यह इतना अच्छा है, और क्रमानुसार है, परमेश्वर अब निश्चित हो गया कि यह सारा कुछ ठीक है और फिर जब उसने यह किया, तब शत्रु भीतर आ गया। मैं करने जा रहा हूं... परमेश्वर ने रूपांतरण की शक्ति दी, मैं इस व्यक्ति को बुलाने जा रहा हूं, सामर्थ के साथ, ना कि फिर से सृष्टि करूं, परंतु मैं... उसके पास विकृत करने की शक्ति थी ना कि रूपांतरण की; परंतु विकृत करने की। अब कोई चीज विकृत करने के लिए मूल स्थिति चाहिए, वहां कुछ है, जो इसके साथ गलत हुआ है।

67 कुछ वर्षों पहले, निरीक्षण पर खेतों में से होकर निकला। मैंने सोचा, इस पेड़ की एक बड़ी शाख टूट गयी और खेत की फसल पर गिर गयी। और फसल के पौधे सीधे खड़े होने का यत्न कर रहे थे, जितना करना था,

परंतु यहां टूट–फूट गये थे, क्योंकि कुछ घटित हुआ था, और डालियां उसके ऊपर पड़ी थी।

68 तब हम खेत में एक जंगली बेल पाते हैं, जो कि आप में से बहुत से पुरुषो और संभव है, बहुत सी स्त्रियों ने... यदि आप कैंटकी से आए हैं। वहां स्त्रियां भी वही कुदाली जो पुरुष प्रयोग करते हैं, उस कुदाली के साथ–साथ खेत में जाते हैं, हम उसे गोसनेक कुदाली कहते हैं, और बैलों को काट देते हैं। क्योंकि यदि आप इस बेल को हटाएंगे नहीं, जहां कि अनाज पंक्ति में होता है, *इस* प्रकार से, तब बैल बढ़ कर उसे दबा देती है, उस अनाज को और धीरे–धीरे चारों ओर लिपट जाती है, आसानी से, कि आप मुश्किल से बता पायेंगे कि यह लिपटी हुई है, इतने सट कर होती है। और यह और मजबूत और मजबूत होती जाती है, और वह अनाज के पौधे को कुरूप बना देती है। अपनी ओर खींचती है, अपने में इसे लपेट लेती है, और यह जो है उससे विकृत कर देती है, किसी और चीज में। फिर भी वह अनाज का पौधा है, परंतु यह विकृत है।

69 और हम सब अब भी परमेश्वर छवि में है। परंतु कुछ इतने विकृत हो गए हैं, जैसे कि परमेश्वर के जो कि उसके वचन के विरोध में चलते हैं, और उसके मार्गों से जो उसने हमें चलने के लिए दिया है। कुछ घुस गया, कि संसार में हमें मार्ग से हटा दिया अपने समीप कर लिया, और हमें उस पंक्ति से बाहर कर दिया उसने हमें अपने, परमेश्वर का पुत्र और पुत्री करके लगाया था। पाप ने परमेश्वर का पुत्र पुत्रियों से बुराई की है।

70 विकृत करने वाला! मैं जानता हूं कि यह बोलते हुए विचित्र लगता है, इस प्रकार से कि "विकृत करना," परंतु यह वही था विकृत या दूषित किया। *दूषित* का अर्थ "बदल कर कुछ अलग बना दिया।" और *विकृत* वही चीज है, जिसे लेकर विकृत किया, "दूसरे तरह का बना दिया।" यद्यपि वह अब भी यही बीज है, परंतु यह विकृत हो गया।

71 अब हम पाते हैं कि यह विकृत करने वाले को विकृत करने के लिए उतना ही समय चाहिए, जैसे कि परमेश्वर ने इसका रूपांतरण किया था। अब उसने अपना बीज बोया, या फिर अपना बीज कभी नहीं बोया... उस अदन की वाटिका में, उस समय से, उसने बीज को विकृत करने के लिए छह हजार वर्ष लिए, परमेश्वर का वचन कि इसे विकृत करके, कुछ भिन्न

बना दे। जब... हवा ने उसकी बात पहली बार सुनी, उसने अपने लिए एक बात ले ली।

72 स्मरण रखें, पहले शैतान ने वचन का उल्लेख किया, उतना ही स्पष्ट, जितना हो सकता है, "परमेश्वर ने यह कहा है कि 'तुम अदन की वाटिका के हर पेड़ से नहीं खाओगे'? " समझे? "हर पेड़ से में से नहीं खाओगे? "

73 अब याद रखें, हवा ने कहा, "हां, हम हर पेड़ से खा सकते हैं; परंतु जो पेड़ वाटिका के बीच में है, हमें उसे छूना भी नहीं है।" अब इस पर ध्यान दे, उसकी संदेश में, उस वचन को घुमा दिया थोड़ा सा, कहते हुए... हवा ने कहा, "क्योंकि परमेश्वर ने कहा है कि यदि हम यह करते हैं उसी दिन हम 'मर जाएंगे।'"

74 उसने कहा, "ओह, तुम निश्चय ही ना मरोगे।" देखिए, वह एक पुरुष था। उसने कहा, "तुम, तुम इसे अब कर लो। तुम एक प्रकार के अज्ञानी लोग हो, वास्तव में तुम्हें सारी बातें नहीं पता, परंतु यदि तुम इसके भागी हो जाओ, तो तुम बुद्धिमान हो जाओगे, तुम्हारे पास ज्ञान होगा। तुम सही और गलत समझ जाओगे, और ईश्वरो के समान हो जाओगे, यदि तो इस बुद्धि के भागी हो जाओ, जो मेरे पास है। मैं जानता हूं, परन्तु तुम नहीं जानते।"

75 जो कि बुद्धि पाना ठीक बात है, परंतु यदि बुद्धि विपरीत है, यदि बुद्धि परमेश्वर की बुद्धि के साथ ठीक नहीं, दिव्य समझ और स्वाभाविक बुद्धि हो जाती है। मैं चिंता नहीं करता, हमारे पास कितना विज्ञान है, और क्या कुछ या शिक्षा यह शैतान का है। प्रभु ने चाहा तो मैं आपको कुछ मिनटों में सिद्ध कर दूंगा, यह शैतान का है।

76 सभ्यता शैतान की है। मैंने इसे प्रचार में होते हुए लिया है। इस पृथ्वी पर सारी सभ्यता, सारी विज्ञान की शक्तियां, और हर चीज शैतान की है। यह उसका सुसमाचार उसने प्रचार किया, अदन वाटिका में ज्ञान का। और उसने वह ज्ञान ले लिया, दूषित ज्ञान, वचन के विरोध में, और रहेगा, और परमेश्वर की योजना। और अब उसके पास ठीक छह हजार वर्ष करने के लिए थे, जो परमेश्वर ने किया, केवल दूषित करने का मार्ग, और उतना ही समय लिया कि अपना अदन ले कर आए। अब उसके पास यहां पृथ्वी पर अदन है, और यह ज्ञान और बुद्धि से भरा हुआ है। आरंभ में उसका यही सुसमाचार था, ज्ञान, बुद्धि, विज्ञान, परमेश्वर ने कभी इसकी सराहना नहीं

की। मैं—मैं चाहता हूं कि आप एक मिनट के लिए ध्यान दें। उसने यह किया और क्योंकि वह इस सांसारिक बुद्धि का मनुष्य था।

77 अब यह कहना कठिन है। यह—यह बहुत ही कठिन है, क्योंकि लोगों को बताते हुए, जो ऐसा अनुभव करते हैं, जैसा मैं करता हूं और जिस प्रकार में बहुत वर्षों से हूं। परंतु जब से सात मोहरे खुली है, वे स्वर्गदूत वहां पहाड़ के पीछे, *यह* नई पुस्तक हो गई है। यह बातें जो छिपी हुई थी, प्रकाशित हुई प्रकाशितवाक्य 10, जैसे परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की यह प्रगट हो गई, वह यह करेगा। और हम भाग्यशाली लोग, जिन्हें परमेश्वर ने इस पृथ्वी पर से चुन लिया, ताकि हम इन बातों को देख और समझ सके। जो कि कोई काल्पनिक नहीं, व्यक्ति की शारीरिक बुद्धि इसे समझने का यत्न करती है, यह परमेश्वर का वचन प्रगट हुआ, सिद्ध हुआ कि यह सही है। यह विज्ञान से सिद्ध नहीं हुआ परंतु परमेश्वर के द्वारा कि यह ठीक है। परमेश्वर, जैसा कि मैंने संदेश से पहले कहा, परमेश्वर को उसके वचन का और किसी अनुवाद की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं ही अपने वचन का अनुवादक है। वह कहता है यह घटित होगा और यह होता है, यह, वह—वह उसकी पुष्टि करता है, यही उसका अनुवाद है।

78 कुछ वर्षों पहले जब, हम पेंटीकोस्टल लोग, जब दूसरी कलीसियाओ ने हम से कहा, तुम "पागल" थे, हम "नहीं पवित्र आत्मा नहीं पा सकेंगे, यह बीती हुई बात है।" परंतु हमने पाया कि यह परमेश्वर की प्रतिज्ञा थी कि जो कोई चाहेगा, और अब हमें अंतर जानते हैं। देखिए, यह थोड़ा—थोड़ा करके यह बात खुल गई।

79 और अब उसने प्रतिज्ञा की है कि वे भेद जो उन कलीसियायी कालों में छिपे रहे, वे ठीक अन्त के समय में प्रगट होंगे। और अब उसने हमें बता दिए। हम अन्त के समय में है। अब हम यहां पर है।

80 और शैतान सभ्यता का रचने वाला है। वह विज्ञान का रचियता है, वह शिक्षा रचियता है।

आप कहते हैं, "क्या यह सत्य है? "

81 ठीक है, आइए हम परमेश्वर के वचन में पढ़ेंगे, उत्पत्ति चार, हम पीछे चलें और एक मिनट के लिए देखें। मैं जानता हूं संभव है, यदि मैं अधिक समय लू, संभवत भाई कार्ल मुझे बता देंगे। [कोई कहता है "यह ठीक है"—सम्पा।] परंतु अब उत्पत्ति का चौथा अध्याय और 16 वां पद। आगे

बढ़ते हुए यह बताता है, आरंभ में परमेश्वर ने क्रम बद्धता में क्या किया कि पुरुष और स्त्री और श्राप रखें, और यह सब जो उन्हें करना था और उन पर *श्राप* नहीं, परंतु उन्हें बताया कि क्या घटित होगा और आदम के कारण भूमि को श्रापित किया। अब हम यहां पाते हैं कि हवा के पास जुड़वा जोड़ा था। और उन में से एक शैतान का था। और एक उन में से एक परमेश्वर का था।

अब आप कहते हैं, "ओह, नहीं! नहीं। अब, भाई ब्रन्हम!"

82 एक मिनट। आप मुझे वचन ढूंढ कर दो, कहीं भी जो यह कहता है कि कैन आदम का पुत्र था। मैं आपको वचन में दिखाऊंगा, जहां यह कहता है, "कैन उस दृष्ट से था," आदम से नहीं।

83 अब ध्यान दें, जब वह गर्भवती हो गई। हम पहले चौथे अध्याय से आरंभ करते हैं।

जब आदम... अपने पत्नी हवा के पास गया तब उसने गर्भवती होकर कैन को जन्म दिया और कहा, मैंने... यहोवा की सहायता से एक पुरुष पाया है।

84 नि:सन्देह यह होना ही है, कोई मतलब नहीं यदि यह वैश्या थी या कुछ, इसे परमेश्वर की ओर से आना था, देखिए, क्योंकि यह उसका बीज है, उसके बीज की यही नियम है, इसको लाना ही है। चाहे यह दूषित बीज है, दूषित बीज या यह जो भी है, जो भी है इसे आना ही है। यह उसकी आज्ञा है।

और फिर उसने उसके भाई हाबिल को भी जन्म दिया।

85 उसे और नहीं जाना, आदम ने अपनी पत्नी को जाना और उसने कैन और उसके भाई हाबिल को भी जन्म दिया, जुड़वा, उस प्रात: शैतान उसके साथ था, उस दोपहर बाद, आदम।

86 यहां अखबार में आपने एक बड़ा झगड़ा देखा होगा, मैं विश्वास करता हूं, यहां ट्यूसान में उस स्त्री का जिसने अश्वेत और श्वेत बालक को जन्म दिया, एक ही समय में, उस प्रात: अपने पति के संग रही, और एक पुरुष के साथ दोपहर बाद। और वह श्वेत मनुष्य अपने बालक की चिंता करेगा, परंतु अश्वेत को अपने बालक की चिंता करनी होगी। समझे? यह मैं कुत्तों

के प्रजनन में जानता हूं और आदि–आदि, निश्चय ही यह होगा, यदि यह कुछ घंटों पश्चात हो। यह इसे सिद्ध करता है।

87 अब यह दर्शाने के लिए सभ्यता कहां से आई है। आइए हम उत्पत्ति के चौथे अध्याय में पढ़े, फिर से और देखें 16 वां पद।

> *तब कैन यहोवा के सन्मुख से निकल गया, और नोद नामक देश में जो अदन की पूर्व की ओर है, रहने लगा।*
>
> *जब कैन अपनी पत्नी के पास गया; तब वह गर्भवती हुई, और उसने हनोक को जन्म दिया; फिर कैन ने एक नगर बसाया, और उस नगर का नाम... अपने पुत्र के नाम पर हनोक रखा।*

88 सभ्यता, आरंभ हो गई, डॉक्टर स्कूफील्ड, यहां मेरी स्कूफील्ड बाईबल में कहते हैं, "पहली सभ्यता।" ध्यान दें, तब उसने पुत्रों को जन्म दिया, और उन्होंने बाजे और संगीत बजाये। अगले वाले के पुत्र हुए और—और उन्होंने पीतल बनाया, दूसरी चीजें बनाई घूमने वाले नगर बनाए, और सब प्रकार की चीजें। यही जो उसने किया, पहली सभ्यता हुई जो कि कनानी थे। उसने युगों में होते हुए वही चीजें की।

89 अब आइए 25 वे पद को ले, और देखें कि अगला क्या था।

> *और आदम ने अपनी पत्नी को पत्नी के पास फिर गया और उसने एक पुत्र को फिर जन्म दिया और उसका नाम यह कह के शेत रखा; परमेश्वर ने मेरे लिए हाबिल के बदले, जिसको कैन ने घात किया, एक और वंश ठहरा दिया है।*
>
> *और शेत... शेत के भी एक पुत्र उत्पन्न हुआ, और उसने उसका नाम एनोश रखा; उसी समय से लोग यहोवा से प्रार्थना करने लगे* (शेत की ओर से ना कि केनियो की ओर से)

90 वह महान बुद्धिमान जिसे हम सब आज पकड़े हुए हैं! आज साम्यवाद क्या है? उनका ईश्वर क्या है? यह बुद्धिमान विज्ञान। जो भी है, हम क्या कर रहे हैं? हम कहां जी रहे हैं? आज इन वचनों पर विचार करें।

91 अब उसके पास उसका अदन है, अब शैतान करता है, इन छह हजार वर्षों में, उसने बना दिया (सृष्टी नहीं की) परंतु परमेश्वर की सारी पृथ्वी को विकृत कर दिया। उसके प्राणी, पशु, अंतर प्रजनन, मिलावटी संतान, पेड़, पौधे, मनुष्य, यहां तक कि धर्म, बाईबल, कलीसिया। जब तक उसने पूरी

अदन वाटिका विज्ञान की हर चीज विज्ञान से चल रही है। हमारे वाहन, हर चीज जो हमारे पास है, हमें विज्ञान के द्वारा मिली है, जो मनुष्य ने किया, और उसने अपना महान अदन पा लिया है; संदेश को समयानकूल सिद्ध करना, यह सिद्ध करना कि यह किसी दूसरे युग का नहीं, परंतु प्रकाशितवाक्य 10! आज उसकी मिलावटी प्रजनन को देखिए, कि अच्छा बनाये, या सुंदर ना कि अच्छा। आज छोटे–छोटे बच्चों को देखिए।

92 मेरी लड़की कल दंत विशेषज्ञ के पास गई, और उसने कहा कि उसके दांत घूम रहे हैं। एक भाई यहां नीचे ट्यूसान में, भाई नोरमन, उनकी छोटी लड़की और उसके दांत बाहर निकल रहे हैं। और दांत के डॉक्टर ने कहा कि वह विश्वास करता है, जल्द ही समय आ रहा है कि लोग दांतो के साथ ही जन्म लेंगे, जो भी है, दांत बढ़ रहे हैं, यह भोजन जो हम खा रहे हैं; मिलावटी भोजन।

93 क्या आपने *रिडर डाइजेस्ट* का पढ़ा पिछले महीने की बिली ग्राहम के विषय में शानदार सुसमाचार प्रचारक? क्या आपने उसे सुना है? मैं उसके लिए पहले से अधिक प्रार्थना कर रहा हूं। जब उसने उन गोल कॉलर वालों से बात की और आदि–आदि उस रात्रि। इसे क्वेरजी में रखा, उसको कुछ हुआ। इन्हीं किन्हीं दिनों में, मैं आशा करता हूं, वह अपनी स्थिति मालूम करेगा कि वह कहां पर है, ध्यान दें, अब सादोम से बुलाहट आ रही है, उस दूषित नगर से। अब ध्यान दें, यह *रीडर डाइजेस्ट* में है, बिली इतना निर्बल हो गया है कि वह अपनी सभाएं भी नहीं कर पा रहा है। और उन्होंने उन्हें बताया है कि उसे दौड़ना और कसरत करनी चाहिए और आदि—आदि। इसलिए वह रोज एक मील भागता है, मैं विश्वास करता हूं, यही है या कुछ और कसरत के लिए।

94 मनुष्य सड़ गया, सारी मानव जाति भ्रष्ट हो गई हर चीज ऐसी हो गई है जैसे बाढ़ के समय थी, यह पूरी तरह से अस्त–व्यस्त, उलट गई, उस सीधी पंक्ति जिसमें परमेश्वर ने बोया था भिन्न हो गई। पाप ने विज्ञान और धोखे के द्वारा समस्त मानव जाति को घुमा दिया है।

95 क्या आपने इस लेख के नीचे भी पढ़ा, जहां यह कहा गया है, "इन दिनों में, वे छोटे लड़के और लड़कियां अपने बीच आयु में अपनी शारीरिक बनावट में, 20 और 25 वर्ष की आयु के बीच।" इस पर विचार करें।

96 उस रात्रि आत्मा की परख में, मैंने 22 वर्ष की लड़की को लिया, उसकी रजोनिवृत्ति की समाप्त हो गई, उसे बुलाया और उसके डॉक्टर ने उसे यही बताया।

97 देखिए, यह गिनती और विघटित होती, भ्रष्टता जाति, नरक के लिए। मैं जानता हूं, सुनने में ठीक नहीं लगता, परंतु यह बाईबल है, देखिए, यह सत्य है और यह जाति जिसमें हम जी रहे हैं, इस पीढ़ी के लोग।

98 अब आप ध्यान दें, मिलावटी पशु, मिलावटी पौधे, और विज्ञान घूम कर वापस आता है, वही विज्ञान जो इसे करता है। कहते हैं, "यही जो समस्त मानव जाति को नष्ट कर रहा है।" आप पढ़िए, जैसा मैंने पढ़ा। भाई ये इसे रोकते क्यों नहीं? क्योंकि वे इसे रोक नहीं सकते, परमेश्वर के वचन ने कहा कि यह इसी प्रकार होगा। परंतु यदि ये एक मिनट के लिए विचार करें, वे एक यंत्र है, जैसे यहूदा इसकिरयोती, चीजों को यही स्थान में रख रहा है जो परमेश्वर ने कहा कि यह होगा, यह इसे कर रहा है, ठीक उन्ही के विज्ञान के आधार पर।

99 उसके विज्ञान के खोज के द्वारा, उसी नमूने पर, उसने हवा को धोखा दिया, उसने कलीसिया को भी धोखा दिया, हवा जो कि वहां एक प्रतीक थी। अब आदम, एक प्रतीक है फिर से या बल्की हवा कलीसिया की, ध्यान दें, इसने क्या किया। ज्ञान के लिए भटक रहे हैं, वह सही और गलत की पंक्ति के बीच आ गई, शैतान के मिलावटी के सुनने के द्वारा या परमेश्वर के मूल वचन की कुरूपता।

100 और अब आज कलीसिया विकृत हो गई है, मैं लोगों और व्यक्ति के विषय में बात नहीं कर रहा हूं, मैं संसार की कलीसिया के विषय में बात कर रहा हूं। एक, एक ओर घूम गया, दूसरा, दूसरी और घूम गया और विज्ञान के द्वारा, वही नमूना जो उसने किया। वह अपनी धमकी ले चल रहा है जो शैतान का है यशायाह 14:12 का।

101 एक मिनट के लिए हम इसे पढ़े यशायाह की पुस्तक में 14 वें अध्याय के 12 वे पद में।

> *हे भोर के चमकने वाले तारे, तू कैसे आकाश से गिर पड़ा है? तू जो जाति–जाति को हरा देता था, तू अब काट कर भूमि पर गिराया गया है?*

यह यशायाह उसे दर्शन में देख रहा है, आने वाले युग में।

तू मन में कहता तो था, मैं स्वर्ग पर चढूगा; मैं अपने सिहासन को ईश्वर के तारागण से अधिक ऊंचा करूंगा, और... उत्तर दिशा की छोर पर सभा के पर्वत पर विराजुंगा।

102 अदन से शैतान का उद्देश्य, कि अपना ही एक अदन बनाये, और अपने आप को ऊंचा उठाये, ताकि परमेश्वर के तारे उसकी आराधना करेंगे, पुत्र उसकी आराधना करेंगे, और उसने पूरी रीति से कर लिया। और जब उसने यह कर लिया और इसे कलीसिया में ले आया, जिसके विस्तार में मैं नहीं जाऊंगा, आप में से जितनो ने वह टेप सुना है, इस विषय में जानते हैं। ये ठीक वही घड़ी है, जिसमे हम रह रहे है, और यह शैतान है, जिसने यह किया है, शिक्षा योजना के द्वारा, अच्छा बैठा दिया, *इसे* अच्छा बना दिया, अच्छा *वह*। और नहीं जानता के सारे समय, वे सीधे चलते हुए मृत्यु में जा रहे हैं। अंधा, अंधे को मार्ग दिखा रहा है, राष्ट्र के अंधे अगुवे, विज्ञान के अंधे अगुवे, कलीसिया के अंधे अगुवे। अंधा, अंधो को रास्ता दिखा रहा है। यीशु ने कहा, "उन्हें अकेला छोड़ दो, वे दोनों गड्ढे में गिरेंगे।"

103 यहां दो प्रकार के अदन पर ध्यान करे, इतने अधिक मिलते हुए प्रतीक, यहां तक कि चुने हुओ को लगभग धोखा दे दे मत्ती 24:24 ने कहा कि यह इस प्रकार होगा। परंतु मैं कुछ क्षणो के लिए रुकना चाहता हूं, और दो अदनों पर विचार करना चाहता हूं, और एक विशेष चीज, बाईबल हमें कैसे परमेश्वर का वचन बताती है कि वचन ने अदन की रचना की और कैसे परमेश्वर का वचन हमें चेतावनी देता है, कि दूसरा अदन आएगा।

104 अब हम भी जानते हैं कि दूसरे अदन को होना ही है। यदि हम भविष्यवक्ता को भी सुनेगे, पौलुस दूसरे थिसलिलुनिकियो के दूसरे अध्याय में। यदि आप चाहें तो मैं आपके लिए पढ दू।

वह जो अपने को ऊंचा ठहराता है; प्रभु का वह दिन ना आएगा, जब तक पाप का पुरुष प्रगट ना हो जाए...

... वह जो परमेश्वर के मंदिर में बैठता, *और अपने आप को ईश्वर ठहराता है, उसके ऊपर जो परमेश्वर कहलाता है ताकि उसकी आराधना परमेश्वर के समान हो।*

105 इस पर सोचिए! अब यशायाह 14, भविष्यवक्ता ने कहा, उसने देखा कि, "लूसिफर ने अपने ह्रदय में" परमेश्वर की प्रेरणा से दर्शन के द्वारा,

कह रहा है कि, "वह यह करेगा।" यशायाह में आठ सौ वर्ष पहले पौलुस या लगभग तब।

106 अब यह आठ सौ वर्षो बाद पौलुस उसे देखता है, अपनी स्थिति में आता है। ध्यान दे, यह आगे बढ़ता है, अपने अदन में; उसका वैज्ञानिक अदन, उसकी विज्ञान की दुनिया, अपने विज्ञान की दुल्हन कलीसिया, सारी की सारी, "ज्ञान" के वचन की बड़ी–बड़ी धर्म विज्ञान विद्यालय, महान उपाधिया, शिक्षा की योजनाएं।

107 भाई, बहनो, सुनिए, हम में से प्रत्येक उसी मार्ग पर जा रहा है जिस पर फ्लोरेंसिया चली मैं यीशु के नाम में निवेदन करता हूं कि इस पर विचार करे। मेरे लिए ना सोचे, मैं आपका भाई हूं, यह वह नहीं है उस वचन पर विचार करे जो मैं परमेश्वर की बाईबल से बोल रहा हूं। और परमेश्वर के स्वयम के प्रमाणित वचन में से हो कर देखें, उस युग में, जिसमें हम रह रहे हैं कि हम कहां हैं।

108 यह सारी योजनाये अपने में पूरी रीती से मसीह विरोधी है। अब उसके पास एक अदन होना था उसने कहा वह यह करेगा। यहां परमेश्वर का सादा वचन कह रहा है वह इसे करेगा, और यहां हम इसे देखते हैं, और उसे यह करते हुए देखते हैं। यह उसने अपनी बुद्धि विज्ञान, नामधारी दुल्हन के साथ किया है। इन्हीं किन्ही दिनों में, वह एक अध्यक्ष लेने जा रहा है, कलीसियाओ की विश्व संस्था में, जो कि तैयार की जाएगी। सब के सब उसके साथ होंगे। यत्न...

109 लोग इसलिए यत्न नहीं कर रहे है कि वे खराब लोग हैं; उन्हें सीधी पंक्ति में बोया गया था, जैसे गेहूं, परंतु शैतान ने बेले उगा दी जो कि विज्ञान, खोज, शिक्षा और डॉक्टर डिग्रियां आदि–आदि कहलाती है। कभी–कभी वे आपको प्रचार मंच पर भी नहीं आने देते, जब तक आप उन्हें अपने उपाधियां नहीं दिखा देते कि कौन से विद्यालय और कहां से है। और यह सब गलत है! लोग नहीं, यह योजनाएं जो गलत हैं। और अब इसने क्या किया है? अब यह फिर आगे बढ़ गया, और सारे संसार को (परमेश्वर के मूल बीज को मिलावट और दूषित करने के द्वारा) दूसरी अवस्था के अंधकार में डाल दिया है।

110 परंतु मैं बहुत आनंदित हूं कि परमेश्वर फिर से हमारे लिए विचार करता है, वह अब भी स्थितियों का सामना करता है। उसने प्रतिज्ञा दी है कि वह इसे करेगा, और छोटे झुंड को बुलाएगा जो कि उसकी दुल्हन होगी।

111 अब यहां फिर से ध्यान दें, यह कलीसियाओं का प्रतीक कितना सिद्ध है, या ये वाला अदन।

112 परमेश्वर, वचन के बीज में से होते हुए! केवल एक चीज है जो वचन को जीवित करती है, और वह आत्मा है, क्योंकि यह वचन को जीवन देने वाला है। और जब वचन का जीवन, आत्मा के जीवन से मिलता है, तब जो बीज होता है, जो ये होता है, उसे उत्पन्न करता है।

113 अब ध्यान दें कि क्या हुआ परमेश्वर की अदन वाटिका में, परमेश्वर के सीधेपन की व्यवस्था, और यह उन में से एक विधान है। पहला विज्ञान (निष्कपटता) सीधेपन का था, लोगो को पाप पता नहीं था। वे पाप के विषय में कुछ नहीं जानते थे। आदम और हवा दोनों नंगे थे, परंतु वे अपने नंगेपन से छिपे हुए थे, उनके मुख पर आत्मा का पर्दा था। उन्हें बिल्कुल कभी नहीं मालूम था कि वे नंगे थे, क्योंकि वे छिपे हुए थे, उनके विचारों में परमेश्वर का पर्दा था, उन्हें मालूम नहीं था कि गलत और सही क्या था। वहां वे दोनों नंगे खड़े थे, यह दर्शाता है कि ज्ञान उनके पास अभी नहीं आया है। देखते हुए, कि ज्ञान उनके पास अभी नहीं आया है, देखते हुए कि वे नंगे थे। जोड़ा नंगा था और यह नहीं जानता था।

114 अब यदि आप पलटेंगे, यदि आप चाहे या इसे लिखे, प्रकाशितवाक्य तीसरा अध्याय। पवित्र आत्मा इसके युग लौदिकिया पेंटीकोस्टल कलीसियायी काल अन्त के दिनों में उसने कहा, "तू नंगा है और अंधा और यह नहीं जानता।"

115 वहां परमेश्वर का बीज, सीधेपन के नीचे, बिल्कुल भी यह नहीं जानता कि वे नंगे थे। पवित्र आत्मा के पर्दे के नीचे, पापसे उन्हें छिपा रखा था।

116 और अब अंत के कलीसिया युग में, हम यहां पाते हैं कि वे यहां फिर से नंगे है और नहीं जानते, परंतु यह पवित्र आत्मा का पर्दा नहीं, यह पर्दा है कि शैतान वापस हवा के पास चुपके से आया, कामुकता का पर्दा, कामुकता का पर्दा। वे इतने गन्दगी में है कि वे नहीं जानते कि वे नंगे है, हमारी स्त्रियां सड़कों पर छोटे–छोटे कपड़ों के साथ, कामुकता वाले वस्त्र।

117 किसी ने उस दिन मेरे पास अखबार का एक टुकड़ा भेजा, इस नई वेष भूषा का, जो वे पहनने जा रहे हैं, मैं सोचता हूं नितम्ब से 14 इंच या कुछ। और मुझे आश्चर्य हुआ, यदि हमारा—यदि हमारा स्त्री समाज यह अनुभव कर सकें कि यह एक कामुकता का पर्दा है?

118 अब आप—आप कहेंगे, "मैं यह परमेश्वर के सामने सिद्ध कर सकती हूं कि मैं किसी भी व्यभिचार के लिए निर्दोष हूं, अपने पति के लिए या मैं—मैं... यह सब।"

119 परंतु फिर भी न्याय में आप "व्यभिचारणी" कहलाने वाली है, बाईबल ऐसा कहती है। यीशु ने कहा, "जो कोई स्त्री पर कुदृष्टि डालता है, वह अपने ह्रदय में व्यभिचार कर चुका।"

120 "अंधे और नंगे और यह नहीं जानते!" वे बेचारी साधारण स्त्रियां नहीं, मैं उनके विरोध में कुछ नहीं कह रहा हूं, ये वह बुराई है! और कलीसिया की व्यवस्था असफल होती प्रतीत होती है कि इसे पहचाने या इसके विरोध में खड़ी हो। उन्हें अपने बाल काटने दे, श्रृंगार करने दें और छोटे कपड़े और आदि–आदि मसीहत के नाम पर, यह कितनी भयानक बात है! देखिए, वे फिर नंगे हो गए, शैतान के अदन में, और यह नहीं जानते। वे यह नहीं जानते।

121 मैं विश्वास करता हूं, मैं देखता हूं, तैरने वाले तालाब पर जब देखता हूं कि वह स्त्री वहां पर है। यदि वह स्त्री केवल इस बात को अनुभव करें कि वह क्या कर रही है, परंतु वह यह नहीं जानती कि वह नंगी है। उसकी देह पवित्र है, उसने कपड़ों को उतार दिया, जो कपड़े परमेश्वर ने उसे पहनाए, खाल के साथ, इस पीढ़ी के लिए, वह निरन्तर उन्हें काटती जा रही है। वह नंगी है, उस "सभ्यता के शब्द के नीचे, उच्च शिक्षा, अच्छी सभ्यता, ऊंचे आचार शास्त्र।" मुझे निश्चित हो जाने दे कि यह भीतर बैठ गया है, यह सब शैतान का है, और प्रभु यीशु के आगमन पर नष्ट हो जाएगा। इसका छोटे से छोटा नष्ट हो जाएगा, एक भी चीज़ नहीं बचेगी।

122 और ओह, मित्रो समस्त राष्ट्र में जैसे कि आप मुझे यहां फिनिक्स में सुन रहे हैं, इन बातों पर विचार करें। यहां आप उसके अधीन हैं। अब यीशु ने कहा, "यदि हो सके तो यह चुने हुओं भरमा देगा।"

123 पहला आत्मा एक था... पहला पर्दा एक पवित्र पर्दा था, पवित्र आत्मा उसे उसके बाहर नहीं देखना था। परंतु जब—जब शैतान ने उस से उस

ज्ञान के विषय में बात करना आरम्भ कर दी, उसने संसार की ओर थोड़ा सा झांका।

124 और ठीक यही उसकी पुत्रियां, वह कलीसिया उसने किया। आपको देखना ही है, आपको फिल्मी सितारों के समान वस्त्र पहनने है, या एक युवा को एल्विस प्रेस्ली के समान, या—या पेट बूर्न या—या इन्हीं किन्ही लोगों के समान व्यवहार करना है, धर्म के नाम पर।

125 पेट बूर्न, चर्च ऑफ़ क्राइस्ट से है, एल्विस प्रेस्ली पेंटीकोस्टल है। दो शैतान के चरित्रों ने संसार को बुरी तरह अस्त—व्यस्त कर दिया, इस से अधिक जो यहूदा इसकिरयोती ने यीशु को धोखा देकर किया। वे इसे नहीं जानते। वे लड़के इसे नहीं जानते। मैं उन—उन लड़कों के विरोध में नहीं हूं, यह आत्मा है, जो उन्हें उकसाता है।

126 बस एक बार जरा उधर कदम बढ़ाए, उस बेल को उस गेहूं के पेड़ पर थोड़ी सी पकड़ बनाने दे, एक बार देखिए क्या होता है, गेहूं का पेड़ गया। ओह, हां, इसने इसे पकड़ लिया। और यह इसी प्रकार से करेगा यह हर बार यही करेगा। हवा को बस एक बार संसार में झांकना है।

127 और अब मैं आप से कुछ कहूं, भाई, बहनों, पहला यूहन्ना दूसरा अध्याय और 15 वा पद, यदि आप चाहें तो हम इसे पढ़ सकते हैं बाईबल कहती है।

> *... यदि हम संसार से प्रेम करते हैं या संसार की वस्तुओं से, यह इसलिए है क्योंकि* परमेश्वर *का प्रेम हम में है ही नहीं।*

128 अब वह *पृथ्वी* शब्द नहीं है; यह ग्रीक शब्द *कॉसमॉस* है जिसका अर्थ, "संसार की व्यवस्था।" यदि हम इस पृथ्वी के फैशनो, संसार के यदि हम समय के चलन से प्रेम रखते हैं, यदि हम सोचते हैं, "यह शानदार समय है। ओह, हमारे पास ये सारी चीजें हैं," यदि आप यह सोचते हैं, यह इसलिए की आपके विचार गलत है, यह शैतान के द्वारा दूषित किए गए है। "क्योंकि यदि आप संसार की इस व्यवस्था से प्रेम रखते हैं, और इस आधुनिक संसार की चीजों से, यह इसलिए है कि परमेश्वर का प्रेम आपमें है ही नहीं।" इसे याद रखें। ओह परमेश्वर! देखिए, हम किस चीज में देख रहे हैं!

129 यहां मैं एक मिनट के लिए रुकना चाहता हूं, और आपको एक छोटी कहानी बताना चाहता हूं। मैंने यह पहले विश्व युद्ध के चैपलेन से यह सुना। वे झोके गए...

130 जैसे शैतान आरंभ में, जब वह अदन वाटिका में आया, वह उन बीजों को खुद नहीं सका। वह उन्हें नष्ट नहीं कर सका। परंतु उसने उन पर विष छिडक दिया, और इसने बीज को बिगाड़ दिया, यह अपने ही प्रकार का नहीं उगा सका, इसमें मूल बीज को विकृत कर दिया।

131 और यही सारे धार्मिक योजनाएं, वे अब भी परमेश्वर के पुत्र और पुत्रीयां हैं, परंतु यह विकृत किए जा रहे हैं, वे कलीसिया में जाते हैं और सही करना चाहते हैं, एक नन कभी भी नन के स्थान पर इसलिए नहीं जाना चाहती की एक नीच स्त्री बने। एक सेवक विद्यालय में इसलिए नहीं जाना चाहता कि एक—एक—एक खराब व्यक्ति बने। आप कभी भी कलीसिया में जाकर, हाथ मिलाना, अपना नाम रजिस्टर में लिखवाना या जो भी आप अपनी कलीसिया में इसलिए नहीं करते हैं कि एक खराब व्यक्ति बन जाए आप यह अच्छा व्यक्ति होने के लिए करते हैं। परंतु यह एक धोखा है, यह विकृति इसे करती है, शैतान ने इस पर छिडकाव किया है। समझे? परमेश्वर के पास कभी भी कोई संस्था नहीं थी। परमेश्वर के वचन में इस प्रकार की कोई चीज नहीं मिलती।

132 परमेश्वर हमारी संस्था है, हम उसमें संस्थागत है। एक देह परमेश्वर में, स्वर्ग में यह ठीक बात है, हमारे नाम मेमने के जीवन की पुस्तक में है। समझे? ध्यान दें।

133 परंतु देखिए, यह बहुत कठिन है, परंतु मैं—मैं चाहता हूं, आप थोड़ी देर और सहन कर ले यदि आप चाहे तो। विश्व युद्ध के समय में... मुझे क्षमा करें अपने विषय में विषय से हटने के लिए।

134 परंतु इसको एक वाद विषय बनाने के लिए, मैं—मैं अपना विश्लेषण आपको देना चाहता हूं कि शैतान ने अदन में क्या किया, भयानक विष छिड़का। क्या आप जानना चाहते हैं कि वह छिडकाव क्या था? मैं आपको बता सकता हूं, मेरे पास इसका फार्मूला है, दो शब्द, अविश्वास, जो कि विश्वास के विरोध में है, अविश्वास का छिड़काव, संदेह और विज्ञान ने इस स्थान को भर दिया। जहां पर जगह थी, वह वहीं बीज में चला गया, शैतान ने उस स्थान को ज्ञान और विज्ञान और सभ्यता से भर दिया, और इसने सारी परमेश्वर की सारी सृष्टी विकृत कर दिया।

135 मैं जानता हूं आप सोचते हैं कि मैं आपको किनारे पर ले जा रहा हूं, परंतु मैं आपके साथ किनारे पर हूं। और हम सब यहां यह ढूंढने का यत्न

कर रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं, उन बातों से हम अलग से होने के लिए नहीं कहते। हमें ईमानदार होना चाहिए।

136 हम में से कोई प्रत्येक मार्ग के अंत में आता है, जहां हम हर वचन का हिसाब देंगे। ठीक अभी, हम जानते हैं कि हमारी आवाजे... जब हम जन्मे, हमारी पहली किलकारी टेप पर चली गई, यह न्याय के दिन फिर से वापस बजाई जाने वाली है। यहां तक कि जो आपने कपड़े पहने हैं, आपके सामने दिखाए जाएंगे, उस न्याय के दिन। यहां तक कि विज्ञान ने यह टेलीविजन के द्वारा पा लिया है, देखिए, टेलीविजन चित्र नहीं बनाता यह तो केवल मार्ग है। कपड़ों का रंग, हर व्यवहार, हर विचार, जो आपके मष्तिष्क में है, वह ठीक परमेश्वर के अभिलेख में है। और बड़ी चीज ठीक आपके सामने रखी जाएगी, हर वह वस्त्र जो आपने पहना, हर बार जो आप नाई की दुकान में गए, अपने परमेश्वर के दिए हुए बालों को काटा, यह होने जा रहा है, आप इसका उत्तर देंगे। आप वहा हिल नहीं सकते, यहां तक की आपके ह्रदय का विचार जब आप यह कर रहे हैं आपको दिखाया जाएगा, आप कैसे बचने वाले हैं? "हम कैसे बचेंगे यदि हम एसे बड़े उद्धार को अनदेखा करेंगे? " समझे? हम बचने वाले नहीं है। हर कार्य और ह्रदय का विचार, उस दूसरे कार्य अय्याम में अभिलेख है, यहां तक कि कपड़ों रंग जो आप पहनते हैं। रंगीन टेलीविजन ने यह सिद्ध कर दिया है, इसे निकाल कर दिखा दिया, देखिए, और यह तीन में से एक अय्याम जिसमें हम रहते हैं। समझे?

137 अब कैसे उस विष ने कलीसिया पर प्रहार किया, पृथ्वी पर प्रहार किया! शैतान ने बीजों को विषायुक्त किया, उसकी खाली जगहों में डाला और इसने इसे विकृत कर दिया। और फिर और यह कलीसिया की गहराई में चला गया, और लोगों के ह्रदय में और सब चीज, विज्ञान—विज्ञान यह उस स्थान तक आ गया, जहां मानव जाति दूषित नहीं हो गई... मैं विश्वास करता हूं कि हर बीज अपने ही प्रकार को ले आएगा। और मानव जाति और वृक्ष और सारी मिलावटी जन्म, हमें एक स्थान पर ले आए हैं, अपना भोजन जो पृथ्वी से खाते हैं, जिसने हमारी देहो को दूषित कर दिया है। इसने हमारे संपूर्ण मष्तिष्क को उसमें डाल दिया... अब यदि हमारी देहे गिरावट में है, 20 से 25 वर्ष की आयु से, कोशिकाओं के विघटन के कारण, मिलावटी भोजन, क्या हमारे मष्तिष्क की कोशिकाएं नष्ट नहीं होती है? क्या वे कोशिकाएं भी? यही कारण है कि रिकी सड़क पर दौड़ता है, उस

गर्म सरिए के साथ; जबकि रिक्वेटीडी, एलिविटा, और उन में से बहुत से जैसे कि हम उन्हें नामो से पुकारते हैं, यहां अधनंगे लोगों के समक्ष, दिमाग से खत्म, सभ्यता या आचरण का कोई विचार नहीं।

138 मेरी छोटी कहानी, इस छोटे चैपलेन ने बताया कि वह वहां एक अस्पताल में था और कहा कि बहुत सारे लड़के उस तम्बू में पड़े थे, कुछ... उनमें से हाल ही में बाहर से आए थे। उसने कहा वह वहां पर गया, किसी अधिकारी ने उसे बताया, कहा, "चैपलेन हम बाहर जाना चाहते हैं, और जाकर क्षेत्र में देखें।" उन्होंने मस्टर्ड और क्लोरिन गैस फैलाई थी, उन दिनों में उन्होंने किया था।

139 और कहा, "भाई ब्रन्हम, मैं वहां गया हूं," बोला, "वहां पेड़ो पर छाल नहीं थी, वहां घास का एक तिनका भी नहीं था, यह ईस्टर की सुबह थी।" उसने कहा, "वहां कुछ टूटे हुए टैंक पड़े थे, अधिकारी को उनका लेखा–जोखा लेना था, और देखना था कि उनके लिए कुछ किया जा सकता है, वहां बड़े अर्गोने जंगल के पास।" कहा कि, "जब मैं स्वयं वहां खड़ा था," कहा, "मैंने देखा कहा, 'ओह! परमेश्वर, सब कुछ इसी प्रकार से होने जा रहा है।'" यह ठीक बात है, यह सब आ रहा है। यह सब कुछ चल गया था, कहीं कोई जीवन नहीं सारी घास जल गई थी; पेड़, उस गैस से, पेड़ मर गए थे, हर चीज मर गई थी, अकड़ कर, लटके हुए, गोलियां आदि ने सब छलनी कर दिया।

140 क्या आज यह संसार का चित्र नहीं है, जहां कि शैतान अपना अविश्वास छिड़क रहा है, उसकी मिलावट, उसका विज्ञान, उसका ज्ञान! जब तक कि जो यह आरंभ में था, जब परमेश्वर ने आदम और हवा को अदन वाटिका में नहीं रखा। वह सुंदर स्वर्गलोक बिना मृत्यु के, बिना बीमारी के, बिना दु:ख, और हर चीज ठीक व्यवस्थित, देखिए शैतान के डी डी टी ने क्या किया! वह अव्यवस्थित है। इस से कुछ नहीं बचा।

141 उसने कहा, "मैं रोने लगा, मैं वापस मुड़ा, मेरा ध्यान एक चट्टान पर गया।" बोला, "मैं बस उधर को गया और उस चट्टान को देखा उसे धक्का दिया। उस चट्टान के नीचे एक छोटा सफेद फूल उगा हुआ था। केवल एक ही जीवित चीज बची थी, क्योंकि यह चट्टान के द्वारा शरणागत था।"

142 परमेश्वर मेरी चट्टान आज हमें शरण में ले ले। ओह! परमेश्वर जब कि यह विष, विज्ञान, और शिक्षा के रूप में चारों और उड़ रहा है। हमें शरण

में ले ले। उस दिन वह मुझे बनाए रखें, ओह, परमेश्वर मेरी यह प्रार्थना है। [कोई मंच पर कहता है, "भाई ब्रन्हम, समय सीखा ना रखे।"—सम्पा।] अब, मैं आशा करता हूं कि हम, हम में से प्रत्येक, उस चट्टान मसीह के नीचे हैं।

143 मैंने उस दिन प्रचार किया, आप में से बहुतों ने सुना में जंगल में शिकार कर रहा था, और मेरा ध्यान वापस घूमकर उस ओर गया और मैंने देखा वहां एक सिगरेट की खाली डिब्बी पड़ी थी, या एक पैकेट या आप जो भी उसे कहते हैं। और यह एक कंपनी का था, मैं उस कंपनी का नाम नहीं लेना चाहता हूं, परंतु तंबाकू कंपनी का अपना एक नारा था, "विचारशील मनुष्य की छलनी, धूम्रपान मनुष्य का स्वाद।"

144 और मैंने आगे चलना आरंभ कर दिया, उस जंगल में और किसी चीज ने मुझे आकर्षित किया, "उस सिगरेट की डिब्बी के पास वापस जाओ।"

145 मैंने सोचा, "स्वर्गीय पिता, मैं तो उस पेड़ के पास जा रहा हूं, जहां वे गिलहरियां बोलने के बाद अस्तित्व में आ गई थी, आप क्यों मुझे वापस बुलाएंगे? "

146 और किसी चीज ने कहा, "तुम्हारे पास एक संदेश है जो आने वाले रविवार के लिए आ रहा है। तुम्हारा विषय उस पर लिखा है।"

मैंने सोचा, "सिगरेट की डिब्बी पर? " मैं वापस गया।

147 और मैं सोचने लगा, "एक विचारशील मनुष्य की छलनी, " ये क्या ही धोखा है? यदि एक मनुष्य विचार करने वाला था, तो वह बिल्कुल धूम्रपान करेगा ही नहीं, परंतु आप देखिए, लोग इसे पचा जाते हैं।

148 मैं विश्वास करता हूं यह दो साल पहले की बात है, जब मैं किसी बेदारी सभा में था। जब यह पश्चिमी किनारे में, मैं विश्व मेला देखने गया था और उनके पास वहां यल ब्रायनी की पिक्चर थी और वहां बहुत से थे। और वैज्ञानिक और उनमें से बहुत से उसी हॉल के अंदर थे, धुंए के खतरे के विषय में। कैसे वे धुंए को संगमरमर पर से खींचते और छोटा सा आकार को लेते, और उससे निकोटीन लेते और उसे चूहे की कमर पर लगाते, उसे पिंजरे में रखते, और सात दिन में वह कैंसर से मर जाता, यहां तक की वह चल भी नहीं पाता। देखा? उसने कहा... इसे पानी में से हो कर निकालो।

कहा, "छानो!"

149 कहा, "छानो? ऐसी कोई चीज नहीं।" कहा, "आप... " यह अपने में एक विज्ञान है। उन्होंने कहा, "जब तक आप (तारकोल) टार ना ले आप धूम्रपान कर ही नहीं सकते। (तारकोल) टार ही धुंए को बनाता है।"

150 और यह केवल एक ही चीज है कि यह तरकीब है कि अधिक से अधिक सिगरेट और बेचे। जब कि यह, यदि मैं... आशा नहीं करता की आप सोचते हैं, मैं धर्मद्रोही या एक धर्मांध हूं कि शैतान एक मनुष्य में, जो उसे सिगरेट पिलवाता है कि अपने आप को मार डाले। जब वह—वह एक सिगरेट की निकोटिन चाहता है, वह उसकी इच्छा को पूरा करता है, अब कंपनी चालाकी से उसे धोखा देकर आसपास आती है, और कहती है, "एक विचार करने वाले मनुष्य की छलनी।" उसे चार या पांच सिगरेट पीनी पड़ेगी कि उतना ही तारकोल आपको मिले (कि उसे संतुष्ट करें) जैसा आपने एक से किया। अमेरिकन, अपने भाइयों, बहनों को मृत्यु बेच रहे हैं, मैं यह नहीं लेता।

151 परंतु फिर भी मैंने वहां सोचा, "वहां विचार करने वाले मनुष्य की छलनी है। यह ठीक बात है।"

152 अब यदि एक व्यक्ति सिगरेट पी रहा है, याद रखें, यह धूम्रपान के स्वाद को उत्पन्न करता है। तब यदि आप नहीं ले सकते कि... सिगरेट पीने की इच्छा को पूरा करें, जब तक आप पी नहीं लेते और ले... इसे वह स्वाद उत्पन्न करना ही है। इसलिए आप चार या पांच सिगरेट पीते हैं, और इसके लिए आप अधिक भुगतान करेंगे बजाए कि आप एक सादी सिगरेट पी ले। देखिए, यह एक तरकीब है, चालाकी बेचते हैं, लोगों को धोखा देते हैं, अमेरिकन। जब मैं फोर्ग घाटी के लिए सोचता हूं, जॉर्ज वॉशिंगटन अपने दो तिहाई सिपाहियों के साथ उनके पैरों में जूते नहीं उस ठंडे दिन में, कि हमारी अर्थव्यवस्था बनाए जो हम हैं। और फिर अमेरिकन, अमेरिकन को बेच रहा है, उसके अपने भाई, बहन, मृत्यु, एक झूठी तरकीब के नीचे, गंदे, आर्थिक लाभ के लिए, सारी बुराइयों की जड़, पैसो की लालसा, प्रेम। सब कुछ पागलपन है, यह ना जानते हुए कि सारी चीजें नष्ट हो जाएगी! परंतु यदि आप सिगरेट नहीं पीते हैं, तो आपको यह स्वाद नहीं मिलता।

153 तब मैंने सोचा कि "विचार करने वाले मनुष्य की छलनी।" एक विचारशील मनुष्य की छलनी! और मैंने अपना विषय लिया, "एक विचारशील मनुष्य की छलनी, पवित्र मनुष्य का स्वाद उत्पन्न करता है।"

154 इसलिए मैंने सोचा कि हमारे नामधारियों ने कुल मिलाकर यही किया है, कि लोगों को अंदर लेकर कि कैसे भी हो, उन्हें स्वयं को मसीही कहलाने दे। क्यों? ताकि वे अपने नामधारी या संस्थाओं में अधिक समा जाए। हम इन चीजों में अधिक है, क्योंकि हम उन्हें इसकी अधीनता में आने देते हैं, *इसके उसके* और *आदि–आदि* या कुछ भी। "और इससे कोई अंतर नहीं पड़ता, बस वे अपना नाम पुस्तक में लिखवाते हैं और कहते हैं कि वे मसीही है, बस यही है। ओह, 'विश्वास के द्वारा आप बच गए।' आपको विश्वास करना ही है।" शैतान भी यहीं करता है। जी हां।

155 आपको नया जन्म लेना ही है, और यह परमेश्वर की छलनी से आता है। अब वहां विचार शील मनुष्य की छलनी है, मैंने इसे अपने हाथ में पकड़ रख है। यह नामधारी का स्वाद नहीं करेगा, परंतु निश्चय ही यह पवित्र मनुष्य के स्वाद को संतुष्ट करेगा, आप जानते हैं।

156 बाल कटी स्त्री कैसे इस छलनी के पार जा सकती है? कैसे कोई छोटे वस्त्रो वाली, कभी इसमें से होकर आ सकती है, या सलेक्स, जब की बाईबल कहती है, "परमेश्वर की दृष्टि में यह घृणित है कि एक स्त्री पुरुष उन कपड़ों को पहने, जो पुरुष का है"? और कैसे एक पुरुष, अपने में कुछ सोच सकता है कि बाहर निकल कर स्त्रियों के समान वस्त्र पहने और अपने बाल स्त्रियों के समान बढ़ने दें, अपनी आंखों पर लटे, और छल्ले *इस* प्रकार से? वह अपनी पत्नी के अंदर के वस्त्र पहनता है। वह उसके बाहर के वस्त्र पहनती है। एक विचारशील मनुष्य की छलनी? एक विचारशील मनुष्य यह नहीं करेगा, या एक विचारशील स्त्री यह नहीं करेगी। परमेश्वर का वचन इसे अपने में से नहीं जाने देगा।

157 इसमें से एक भी चीज उसमें होकर नहीं निकलेगी। यह पवित्र आत्मा है, और यह आप में वचन को लाएगा, और यह पवित्र मनुष्य का स्वाद उत्पन्न करेगा।

158 आज देखिए, रिक्कीएटा को सड़को पर प्यारी, सुंदर बनावट परमेश्वर ने उसे दी है, और शैतान उसका प्रयोग कर रहा है, और इतने अनैतिक

वस्त्र धारण करेगी, यह ना जानते हुए कि आज से एक सप्ताह बाद वह कब्र में सड़ रही होगी।

159 अधिक समय नहीं हुआ मैं सड़क पर आ रहा था। मैं असेंबली ऑफ गॉड में पश्चिमी किनारे पर प्रचार कर रहा था, दक्षणी पश्चिमी बाईबल विद्यालय की सभा में। एक स्त्री सड़क पर जा रही थी, एक छोटी छोटे—छोटे कपड़े पहने, आप उसे स्नान वस्त्र, जो भी कहते हैं, चरवाहे वाले टोप से झालर लटक रही थी, और बूट पहने। मैं सड़क पर जा रहा था। मैंने सोचा, "बेचारी किसी मां और बाप की संतान, यहां परमेश्वर की पुत्री होने के लिए भेजी गई और शैतान का फंदा बन गई।" मैंने सोचा, "मैं विश्वास करता हूं, मैं घूम कर वापस जाऊंगा और इस बालक को बताऊंगा।" वह मेरी पुत्री साराह की आयु की होगी 17 वर्ष, 16 वर्ष आयु की या कुछ ऐसे ही। मैंने सोचा, "नहीं, अच्छा हो कि मैं नहीं। मैं बस सड़क पर चलते हुए उसके लिए प्रार्थना करूंगा। यदि किसी ने मुझ उसे रोकते और बात करते देख लिया, अच्छा हो कि मैं यह ना करूं।"

160 अब परमेश्वर के पुत्रों, सुनो, आप ऐसे स्थानों में जाते हैं ये आज की इजाबेल आपसे खिलवाड़ करती है। परंतु विचारशील मनुष्य पहले विचार करेगा। यह हो सकता है, वह बहुत सुंदर हो, "मैं उससे टकरा सकता हूं, परंतु यह आपके प्राण की कीमत होगा। लडको आप में से कुछ लड़कियां ये आवारा!" विचारशील मनुष्य की छलनी, पवित्र मनुष्य का स्वाद उत्पन्न करता है।

161 आप विवाहित पुरुष, जब आप उन स्त्रियों को सड़को पर इस प्रकार देखते हो, आप परमेश्वर के पुत्रों, तो क्या अनुभव नहीं करते पहले आरंभ में क्या घटित हुआ? जब विज्ञान ने स्त्रियों को इतना सुंदर बना दिया, उस बाढ़ वाले संसार से पहले, जब तक कि परमेश्वर के पुत्रों ने मनुष्य की पुत्रियों को (परमेश्वर की पुत्रियों को नहीं) और परमेश्वर इस बात को कभी नहीं भूला, उन्होंने सब चीजों को नष्ट कर दिया, विज्ञान, सुंदरता। यह हुआ करता था... आप ध्यान दें, स्त्रियों की सुंदरता अंत के दिनों में ऊपर उठती जा रही है। यह अंत का चिन्ह है। परमेश्वर ने इसे सिद्ध किया है। इसलिए विचारशील मनुष्य की छलनी प्रयोग करें, आपको पवित्र मनुष्य का स्वाद मिलेगा। इसकी कीमत अपने घर से चुकानी होगी, अपनी स्थिति से इसकी कीमत चुकानी होगी, आपके पास जो भी है, उससे कीमत चुकानी

पड़ेगी, इसके अलावा आपका प्राण! यह आपका घर तोड़ देगा, हो सकता है दूसरा पुरुष आपके बालकों का पालन करें, या दूसरी स्त्री आपके बालकों का पालन करें।

162 विचारशील मनुष्य की छलनी ले, यह पवित्र स्त्री का स्वाद उत्पन्न करेगी। जब आप नाई की दुकान पर जाना आरंभ करते हैं या कुछ और वे आपको कुछ बताते हैं, "आप जानिए कि आपको सिर दर्द होने जा रहा है।" विचारशील स्त्री की छलनी ले, बाईबल ने क्या कहा, और इससे फिर जाये। समझे? आप यह ना करें।

163 मैं आपका भाई हूं, और मैं आपसे प्रेम करता हूं, मैं आप के विरोध में बिल्कुल नहीं हूं, परमेश्वर जानता है और यही जो मुझ से इन बातों को कहलवाता है जो मैं कहता हूं, क्योंकि आपके लिए परमेश्वर का—का प्रेम है। यदि मनुष्य वहां बाहर जाएगा और वे आपको नहीं बतायेंगे, आपका पास्टर आपको आसपास होने देगा और इस प्रकार व्यवहार करेगा कि वह आपसे प्रेम नहीं करता, वह आपसे प्रेम नहीं कर सकता। मैं स्त्रियों के लिए इस प्रकार का प्रेम नहीं चाहूंगा, मैं अपनी बहनों के लिए पवित्र स्वाद चाहूंगा। मैं वास्तव में बहन के समान चाहता हूं। ना कि कोई कह सके, कोई उसकी सुंदरता के विषय में बातें करें और वह कैसी है, और वे कामुकता की रानीयां, "वह मेरे उसमें जाती है... " ओह—हो। नहीं। मैं उसे एक महिला के समान चाहता हूं!

164 ओह प्रभु, मुझे चट्टान के नीचे रखे। जी, हां। इफिसियों 5:26 में केवल एक ही मार्ग है कि आप इस चट्टान से होकर निकल सकते हैं, "और वह अलग होने वाले जल से वचन के द्वारा धोये जाए।" यह ठीक बात है।

165 अब यह शैतान आपके ऊपर अपनी इस शिक्षा को ना छिड़के। नहीं, नहीं। यह आपके प्रभाव को मार डालेगा। शैतान को यह ना लेने दे कि, "मैं उस कलीसिया से हूं, जिससे मेरी मां, मेरे पिता, मेरी दादी है।" शैतान आपके ऊपर यह प्रभाव ना डालने पाए। बाईबल ने पहले ही कह दिया, सात कलीसियाओ पर, और वे बातें वहां यह बीज पर गया! यह ठीक बात है, सब कुछ भ्रष्ट है, सारा कुछ सड़ा गला, और दु:खद है। उसे अपने ऊपर प्रभावित ना होने दें, कहे कि, "भाई, यह तो ऊंचा आचार शास्त्र है, हम पुराने दिनों से आज अधिक शिक्षित है।" शैतान को अपने ऊपर इस प्रभाव को ना लाने दे। मैंने उसकी सभ्यता की सारी योजना दिखा

दी है, शिक्षा और विज्ञान, वह इसे कलीसिया में ले आया है, और आप इसे ना सुने अपने विचार को इन पुरानी गंदी टेलीविजन और चीजो से अलग रखे।

166 और हमारा मूल विषय कहता है, "सदृश्य ना बनो, परंतु तुम बदलते जाओ।" अंदर ना जाओ, और कहो, "रविवार के लिए मैं पक्का हूं।" नहीं। भीतर जाओ, और अब बदलते चले जाओ, जो अब हो, उससे बदलते चले जाओ, उसमें जो परमेश्वर आप से चाहता है।

167 अब यह निर्भर करता है कि आप में किस प्रकार का बीज है, यदि एक बुद्धिमान, शिक्षित बीज आपके अंदर रखा गया है, तो केवल एक चीज करी जा सकती है कि आपको विकृत कर दे, बस परमेश्वर के एक पुत्र या पुत्री, केवल यही चीज जो यह कर सकती है। आज लोग जैसा कि मैं देखता हूं, वे ऐसा व्यवहार करते हैं, जैसे कि वे यह भी विश्वास नहीं करते कि कोई परमेश्वर है।

168 इस अभिव्यक्ति के लिए क्षमा चाहता हूं, यदि इसके द्वारा किसी की भावनाओं को ठेस लगती है, तो मेरा ऐसा अभिप्राय नहीं है। कुछ एक रविवार पहले मुझे निमंत्रण मिला था, मेरी अपनी पुत्री के द्वारा कि टेलीविजन देखने आए और एक धार्मिक गायन कार्यक्रम को देखूं, यह रविवार की प्रात: मैं ओरल रॉबर्ट के कार्यक्रम को देखना चाहता था, मैंने उनसे कहा कि मुझे बता दे। कहा कि, "आप इसे सुने एक महान भजन गायन।" मेरा पुत्र वहां खड़ा है, उसने मुझे इस विषय में भी बताया। और मैंने उसे चलाया...

169 हमने इसे एक महिला से किराए पर लिया था, उसके पास यह उसके घर में था, मैंने अपने घर में इसे कभी नहीं चाहा। नहीं, श्रीमान। इस चीज को मैं अपने घर में नहीं चाहता, मैं इसे बंदूक से उड़ा दूंगा। मैं इस दृष्ट चीज से कोई मतलब नहीं रखना चाहता। नहीं, श्रीमान! परन्तु एक लिया...

170 मैं आपको यहां एरीजोना वालों के विषय में बताऊं, उस दिन अपने विद्यालय का विश्लेषण देखा होगा। क्या आपने नहीं? एरीजोना के विद्यालय में 80 प्रतिशत बालक मष्तिष्क की कमी से ग्रस्त है, 67 प्रतिशत उनमें टेलीविजन देखने के द्वारा थे। इस विषय में क्या है?

171 अच्छा होता कि आप अपनी बंदूकों का प्रयोग करते! समझे! अब शैतान को इसे आपके ऊपर छिड़कने ना दे। नहीं, श्रीमान। अब लोग जैसा कि मैंने कहा लोग ऐसा व्यवहार करते हैं, जैसे कि उन्हें न्याय में आना ही नहीं है।

172 यह लड़की और लड़कियों उनके कुछ इंडियन परिवार है, और यहां सारे के सारे। मैं सोचता हूं कि एक व्यक्ति श्री पूल नाम का इसका अध्यक्ष है। और यदि मैंने कभी भजन गीतों की आधुनिक नकल देखी है, तो यही विधि है जैसे ये प्रयोग कर रहे हैं, आवाराओ का एक झुंड वहां खड़ा है अपने हाथों को ऊपर नीचे हिला रहे हैं।

173 निश्चय ही मैं उस युवा व्यक्ति की सराहाना करता हूं, यहां इस प्रात: जिसने गाया, सभ्य दिखाई दिया, एक वास्तविक मनुष्य के समान, मुझे—मुझे यह पसंद है। जब आप—आप व्यापारी गण कभी–कभी इन आवाराओ के झुंड को जमा कर लेते हैं, जो यहां खड़े हो कर हूं–हा शोर करते हैं, और चलता रहता है, और अपनी सांस खींचते हैं कि उनका मुंह नीला पड़ जाता है, और यह कोई गाना नहीं है यह तो बस एक वैज्ञानिक ढंग से शोर करना। *गाना* "जो ह्रदय की तरंग से होता है।"

174 और मैंने सोचा, "क्या ही दयनीय! कितनी लज्जा की बात है! इसलिए कैसे धर्म के नाम पर ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, जैसे कि परमेश्वर है ही नहीं!" उस दिन किसी ने उस लड़के से कहा जो मेरी पुत्री के साथ जाता है। एक मसीही लड़के ने कहा कि आदम और हवा के लिए शानदार टिप्पणी करो, कहा, "हवा वाटिका में से जा रही थी। बोली, 'बालको तुम देखो कि वृक्ष वहां पर है?' कहा, 'यही जहां तुम्हारी मां ने हमें मकानों और घरों में से खा लिया।'" क्या आप कल्पना कर सकते हैं, इन्हे कट्टर मसीही होना चाहिए, जो एक प्रतिज्ञा को लेंगे और परमेश्वर का वचन और इसे सूअर के बर्तन में फेकेगे! वे ऐसा व्यवहार करते हैं, कि उन्हें न्याय में आना ही नहीं है। परंतु न्याय में परमेश्वर हर भेद को ले आएगा। वह ऐसा व्यवहार करते हैं कि कोई परमेश्वर नहीं है।

175 मैं उन लोगों को मूर्ख नहीं कहना चाहता, क्योंकि बाईबल ने कहा... मूर्ख सही नहीं, यीशु ने कहा, "ऐसा नहीं किसी मनुष्य को मूर्ख ना कहना।" परंतु भजन संहिता 14:1, "मूर्ख ने अपने ह्रदय में कहा कि, 'कोई परमेश्वर नहीं है।'" समझे? वे, वे नहीं... मैं उन्हें मूर्ख नहीं कहना चाहता, परंतु वे ऐसा व्यवहार करते हैं, जैसे की वे है, वे ऐसा व्यवहार करते हैं।

176 इसलिए आप देखिए कि आज हम कहां पर हैं, "जैसे की कोई परमेश्वर नहीं," "मैं कलीसिया से हूं!" और सारी बातें मिलकर, बाईबल एक बड़ा मजाक है। "हमारी कलीसिया जानती है कि वे कहां जा रहे हैं!" जी हां...

[टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... सीधे नर्क में, बिल्कुल। और अपने मार्ग पर है, ठीक विज्ञान और शिक्षा धर्म विज्ञान धर्म विद्यालय और आदि–आदि बस हवा में उडाते हुए सीधे नीचे मार्ग पर। पवित्र आत्मा के पास एक अवसर नहीं, किसी भी चीज का प्रकाशन दे, धर्म विद्यालय इसे काट कर अलग कर दिया।

177 पवित्र आत्मा हमारी अगुवाई के लिए है; ना कि एक धर्म विद्यालय ना कि बिशप और ओवर सियर और आदि–आदि। पवित्र आत्मा हमारा अगुवा है।

178 कैन इस प्रकार का एक व्यक्ति था, वास्तव में वह बहुत धार्मिक था। अब यदि धर्म ही आपको अपनाना है, तो फिर कैन को दोषी ठहराते हुए परमेश्वर अन्यायी है, क्योंकि वह धार्मिक था, वह उतना ही धार्मिक और निष्कपट था, जैसा हाबिल था। अब याद रखें, उसने परमेश्वर का विचार किया, उसने परमेश्वर की आराधना की, उसके पास एक कलीसिया थी, उसने एक वेदी बनाई, उसने बलिदान किया, उसने प्रार्थना की उसने आराधना की, परंतु वह अस्वीकार किया गया। कोई मतलब नहीं कैसे... ऐसाव भी था। समझे?

179 धर्म, देखिए, यह शैतान का कार्य है, कि सारी चीज को ना मारे, परंतु उसे दूषित कर दे, बस यही है वह सारे मामले को मारने नहीं जा रहा है। ओह, साम्यवाद नहीं, नहीं, मसीह विरोधी साम्यवादी नहीं है। बाईबल ने कहा, "यह यदि संभव था तो चुने हुए को धोखा दे दे।" लोहे के पर्दे पर, ध्यान ना दें परंतु बैजनी वाला। ओह!

180 परंतु, ध्यान दें, आराधना करने आया, परंतु उसके अंदर गलत बीज था सर्प का बीज। सर्प की फुंकार ने उसके ऊपर फुंकार मारी, क्योंकि वह वह स्त्री का वंश था। वह परमेश्वर की सिद्ध इच्छा जानता था, परंतु उसने उसे करने से मना कर दिया। क्या आपको मालूम है? शैतान परमेश्वर की इच्छा जानता है, परंतु वह उसे करने से इंकार कर देता है।

181 ध्यान दें, उसने परमेश्वर को देखा कि उसने हाबिल के संदेश को समर्थन दिया। अब मैं चाहता हूं कि आप सोचे, अपने विचारशील मनुष्य की छलनी का प्रयोग करें, एक मिनट के लिए। हाबिल का सही संदेश कि परमेश्वर उसका सत्य होने का समर्थन किया! क्या आप समीप आ रहे हैं? हूं–हूंह। हाबिल का संदेश स्वीकार किया गया था, और कैन ने यह देखा

और जाना कि परमेश्वर ने उस संदेश के सही होने को प्रमाणित किया, परंतु वह उसे ना कर सका, उसके घमंड ने उसे इससे अलग रखा। यह ठीक बात है, उसके घमण्ड ने उसे यह करने से रोक दिया। उसने देखा परमेश्वर ने संदेश का समर्थन किया।

182 इसलिए अब यह ऐसा प्रतीत होता है, लोगों के लिए कठिन है कि स्वयं को परमेश्वर के वचन के लिए नम्र बना ले। वे बस इसे करना नहीं चाहते। वह कलीसिया के मतसार के लिए स्वयं को नम्र करते हैं, निश्चय ही, परन्तु परमेश्वर के वचन के लिए नहीं।

183 यदि आप इसे ढूंढना चाहते हैं, तो आप जाएं... यहां मेरे पास पवित्र लेख है, यही जिसका मैं यहां पर उल्लेख कर रहा हूं, उत्पत्ति 4:6 और 7, परमेश्वर ने कैन से कहा, कहा, "तेरे मुख पर क्यों उदासी छा गई? तू क्यों क्रोध से भर गया है चारों ओर घूम रहा है? तू अभी एक संदेश सुना है, उससे तू विचलित हो गया।" कहा, "अच्छा, तू यह किसलिए कर रहा है? तेरे मुख पर उदासी क्यों है, क्योंकि मैं तेरी कलीसिया में नहीं आया? इसलिए तू ने क्यों यह किया है? "

क्या तू विचारशील मनुष्य की छलनी प्रयोग कर रहा है? समझे?

184 या, "क्यों नहीं... तू ऐसा क्यों दिखाई पड़ रहा है? " कहा, "यदि तू अच्छा करेगा, जा अपने भाई के समान कर, तो मैं तुझे ग्रहण करूंगा, तुझे आशीष दूंगा। मैं तेरे लिए भी वैसा ही करूंगा।" परंतु वह यह नहीं कर सका। उसने कहा, "अब यदि तू नहीं करता, तो अविश्वास का पाप द्वार पर खड़ा है।"

185 अब जब उन्होंने हमें बताया कि, "आश्चर्य कर्मों के दिन बीत गए, " अब वे इस इतनी सिद्धता से समर्थित और सिद्ध होते हुए देखते हैं, आप समझे, वे सारी चीजें जिनकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने की है कि वह इन्हें अंत के दिनों में करेगा, प्रकाशितवाक्य 10 और मलाकी 4, वे सारी बातें सिद्धता के साथ प्रमाणित हुई। भाइयों क्या मामला है? क्या गड़बड़ है। समझे?

186 यदि वे नहीं करते; अविश्वास जो कि पाप है। केवल एक ही पाप है, और वह अविश्वास। यह ठीक बात है। आप इसलिए दोषी नहीं है, क्योंकि आप पीते, धूम्रपान करते, चबाते, छोटे कपड़े पहनते जो चाहे वह करते हैं, नहीं, यह आपको दोषी नहीं ठहराता, यह क्योंकि आप विश्वास नहीं करते यदि आपने विश्वास किया तो आप ये नहीं करेंगे। समझे? एक विश्वासी यह

नहीं करता। वह विचारशील मनुष्य की छलनी लेता है। देखिए, देखिए या एक विचारशील स्त्री की छलनी, कोई भी एक। ठीक है। परंतु आप देखिए, पाप द्वार पर खड़ा है।

187 अब ध्यान दें, इसने कैन के साथ क्या किया, आज यह ठीक वही करने जा रहा है। यह कैन को दूर ले गया, एक जान बूझ कर पापी, वह जानबूझ कर अनाज्ञाकारी बना, और हर व्यक्ति ऐसे ही होगा। जानबूझ कर अनाज्ञाकारी, जब उसने देख लिया कि हाबिल का संदेश परमेश्वर से प्रमाणित हुआ कि यही सत्य था। और यही करने को मना कर दिया। फिर वही किया। तब उसने सीमा रेखा पार कर दी।

188 एक रेखा जिसे आप पार कर सकते हैं। आप यह जानते हैं, क्या आप नहीं जानते? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] अब सेवको दोनों, जो यहां और बाहर टेलीफोन पर दूर जहां देश में यह प्रसारण जा रहा है। क्या आप यह अनुभव करते हैं? जब आप यह देखते हैं कि यह पवित्र लेख है, और आप यह नहीं करेंगे, परमेश्वर सदा नहीं करेगा... वह करेगा... ओह, आशीषित होते हुए आप बढ़ते जाएंगे, ऐसे ही इस्राएल में प्रत्येक, वे ठीक जंगल में रहे, और बालको, फसलो को बड़ा करते रहे और आशीषित और आदि–आदि, परंतु "उनमें से प्रत्येक परमेश्वर से अनंत काल के लिए अलग हो गया।" यीशु ने ऐसा ही कहा। ओह, हां परमेश्वर आपको आशीषित करता जाएगा, परंतु आप नष्ट हो गए, निश्चय ही यही जो अब जो बाईबल कहती है, यही जो उसने कहा। ध्यान दें, आप सीमा रेखा को पार कर सकते हैं। क्या आप इसका विश्वास करते हैं? ["आमीन।"] कैन ने यह किया।

189 आइए—आइए एक मिनट के लिए निकालें, मेरे पास इब्रानियों 10:26, आइए देखें यदि हम इसे जल्दी से निकाल सके। इब्रानियों की पुस्तक 10 वां अध्याय और... मैं विश्वास करता हूं 26 वां पद, मैंने इसे यहां लिख रखा है, एक मिनट मेरे साथ यहां करें, आइए एक मिनट के लिए इसे पढ़े। ठीक है। हम यहां पर है।

> *क्योंकि सच्चाई की पहचान प्राप्त करने के बाद, यदि हम... जानबूझ कर पाप करते रहे तो पापों के लिए फिर कोई बलिदान बाकी नहीं।*

हां, दंड का एक भयानक बाट जोहना है, और आग की ज्वलन बाकी है, जो विरोधियों को भस्म कर देगा।

190 यह **परमेश्वर का पवित्र वचन यो कहता है।** यदि हम जानबूझ कर अविश्वास करें, देखने और सुनने के बाद, तो फिर हम रेखा के पार हो गए। वहां फिर कभी कोई क्षमा नहीं है, इसके लिए, आपने रेखा पार कर दी।

"ओह," आप कहते हैं, "परमेश्वर अब भी मुझे आशीष देता है।" ओह, हां।

191 स्मरण रखें, इस्राएल सीमा रेखा पर, जब परमेश्वर ने उन्हें एक प्रतिज्ञा दी, वहां उस पवित्र देश में, देश में, यह अच्छा था, दूध और शहद। और जब मूसा ने यहोशु और कालेब को भेजा, और जाकर भेद ले, वहां जाकर देश का भेद ले, और समर्थन के लिए प्रमाण लेकर वापस आए।

192 उनमें से दस ने कहा, "हम यह नहीं कर सकते। हम अयोग्य है। वहां की कठिनाइयों को देखा। हम हठ धर्मी होंगे। हमारे पास यह छोटी–मोटी चीजें लड़ने के लिए है। देखो, उनके पास क्या है। हम, हम यह नहीं कर सकते। हम इसे करने के योग्य नहीं है।"

193 यहोशु और कालेब ने कहा, "हम करने के लिए योग्यता से अधिक है! परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है।"

194 और स्मरण रखें, वे वापस लौटे, यह कादेश–बर्निया में, और वे वापस घूमे, और जंगल में भटकने वाले हो गए, और उन में से प्रत्येक मर गया, और अनंतता में नष्ट हो गया। यीशु ने ऐसा कहा।

195 सीमा रेखा को पार ना करें, देखिए। "जब आप अच्छा करना जानते हैं, और नहीं करते, तो आपके लिए यह पाप है।"

196 इस्राएल ने वही किया, मूसा को प्रमाणित होते हुए देखने के बाद, और फिर बालाम को उन पर प्रभावित होने दिया, वह मूल्यवान प्रमाणित बीज। पास्टर इस वचन के विरोध में (कभी) कुछ ना कहें। बालाम को देखिए, वह एक भविष्यवक्ता था, और उसने परमेश्वर के वंश को प्रमाणित होते हुए देखा, परंतु अपने ही महान नामधारी की अधीनता में जिसमें वह रहा। मोआब ने उस घूमने वाले झुंड को अपने देश में आते हुए देखा, उसने यह उन पर प्रभाव डाला, और कहा, "अच्छा, एक मिनट रुको, हम सब मसीही है, हम सब विश्वासी हैं। क्यों, हमारे पूर्वज और तुम्हारे पूर्वज एक

ही हैं। क्या हम लूत की संतान नहीं? क्या लूत अब्राहम का भतीजा नहीं था? क्या हम सब एक ही नहीं? हम एक दूसरे से विवाह कर ले।" और इस्राएल, जैसे हवा ने अदन की वाटिका में, शैतान को प्रभाव डालने दिया, उसने इस्राएल के ऊपर भी झूठे भविष्यवक्ता के द्वारा प्रभाव डाला, जब कि सच्चा भविष्यवक्ता उनके संग था, प्रमाणिक वचन के साथ। परंतु बुद्धि के ज्ञान की विचारधारा, इसने उन पर छिड़काव कर। अब इसे सोचे। यह कभी क्षमा नहीं किया गया, यह पाप कभी क्षमा नहीं किया गया।

197 बीज कर्तव्य के मार्ग पर सड़ गए, प्रतिज्ञा के देश के मार्ग पर, उनमें से हर एक नष्ट और सड़ गया। ठीक सीधे कलीसिया में कर्तव्य की पंक्ति में, परमेश्वर के पीछे चलते हुए। और शैतान को बुद्धि का छिड़काव उन पर छिड़कने दे, शिक्षा सम्बन्धी बुद्धि की धारणा कहते हुए, "क्यों, हम सब समान हैं, हम सब परमेश्वर की संतान है।" आप नहीं! परंतु वह उन झूठे शिक्षकों को, उस छिड़काव को उन पर बुद्धि के विचार के साथ डालता है, जो उसके पास था।

198 और जिस प्रकार की सर्व एकता वाली सभा इस समय कर रही है, देखिए, वही चीज, "क्यों हम सब एक साथ हो जाएंगे, एक बड़े महान संगठन में।" आपका सारा संस्थागत विधान शैतान का है, यह बाईबल में पशु की छाप है। प्रभु ने चाहा तो जल्द ही मेरे पास पुस्तक होगी।

199 ध्यान दे, नूह के समय में देखते हुए कि वचन उठाया जा रहा है कि तेरे अब यहां एक छोटी टिप्पणी करूं, वचन को एक साथ मिलाया जा रहा है कि उसका पृथ्वी से आकाश की ओर रूपांतरण कर दे। उन चीजों की बनावट को देखते हुए, परंतु उनके बुद्धि की विचारधारा कि भविष्यवक्ता, उसके सामने उपहास उड़ाया, नूह जब वह अन्त समय की भविष्यवाणी कर रहा था। परंतु क्या हुआ... वह ढांचा परमेश्वर के वचन से बना था, अंदर और बाहर से पोता गया था प्रार्थना और विश्वास के साथ। जब वर्षा आई तो सारी बुद्धिमानी की अवधारणाएं जो धर्मों की थी और सड़ गई... ठीक उनकी कलीसियाओं में, इस पृथ्वी पर और नाव इन सब के ऊपर तैर गई। वैज्ञानिकता से छिडके हुए सारे बीज, न्याय में सड़ गए।

200 जो भी है, हम क्या करना चाह रहे हैं, क्या हम अपनी कलीसिया स्थापित करने का यत्न कर रहे हैं, या हम परमेश्वर के वचन को स्थापित करने का यत्न कर रहे हैं? हम क्या करने का यत्न कर रहे हैं? हम किस

पर कार्य कर रहे है? क्या हम लोगों को इसमें वापस लाने का यत्न कर रहे हैं? यह महान युग, क्या करने का यत्न कर रहा है, इस अंत के दिनों में, यह कलीसिया का अदन?

201 भाई मैं बहुत ही जल्द छोड़ने जा रहा हूं, क्योंकि बहुत ही देर हो गई है [एक भाई कहता है, "चलते रहिए!"—सम्पा।] बस मुझे 15 मिनट और दे, और मैं अपने—अपने पवित्र लेख यहां रुकूंगा। ["निश्चित होकर आगे बढ़े।"] हां ठीक है, मैं जानता हूं, लोग भीतर आकर संभवत: इसकी सफाई करना चाहते हैं। परंतु मुझे लगता है कि छोड़ना मेरे लिए कठिन है। ["बस आगे बढ़े।" "उन्हें कोई जल्दी नहीं है।"] मैं जल्दी करूंगा। ठीक है।

202 यह महान वैज्ञानिक शिक्षा संबंधी मिलावटी हवा आज कलीसिया कहलाती है। वह क्या करना चाह रही है? क्या वह परमेश्वर के वचन को ऊंचा उठाने का यत्न कर रही है, और लोगों को वही करने दे, जो वे करना चाह रहे हैं? वे विचारशील मनुष्य की छलनी का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, या परमेश्वर की छलनी, देखिए, वे क्या उत्पन्न कर रहे हैं। वे अपने आप को ऊंचा कर रहे हैं। कलीसिया, अपने ध्यान के योजना के विकृत बीज के कारण सारी जाति वैज्ञानिकता में हो गई, परमेश्वर के वचन को अनदेखा कर दिया। अब मैं उन टिप्पणियों को पकड़ूंगा, मैं उन पर अधिक नहीं टिकुंगा, समाप्त करने के लिए। वैज्ञानिक आधार पर अनभिज्ञ! जब परमेश्वर ने इस पृथ्वी पर उन चीजों को किया, जो वह कर रहा है, अपने प्रतिज्ञा के वचन के द्वारा, और उन्होंने इसे अनदेखा किया और चले गए, क्योंकि वे वैज्ञानिक रूप से अनभिज्ञ थे। वैज्ञानिकता की अनभिज्ञता!

203 तब मैं मुस्कुरा रहा था, भाई विलियम के कारण यहां—यहां कागज के टुकड़े पर लिख लिया, "सारी दोपहर आप इस पर टिक सकते हैं," कुछ तो। परंतु मैं सराहना करता हूं कि यह वास्तव में अच्छा है। देखा?

204 परंतु लोग जानबूझ कर पाप कर रहे हैं। यह आज कलीसिया संसार के सारे तंत्र को ले आया है कि परमेश्वर के विरोध में जानबूझ कर पाप करे, क्यों, आम मर्यादा आपको प्रमाणित कर देगी कि यह सही है। ठीक है। परमेश्वर के वचन के प्रति कामुकता के पर्दे ने उनकी आंखों को अंधा कर दिया है, और वह फिर से अपने आपको नंगा पाती है। आप जानते हैं, परमेश्वर ने प्रकाशितवाक्य 3 में कहा, "आकर, मुझसे सुरमा मोल ले ले, ताकि तेरी आंखें खुल जाए।" देखिए, सुरमा उसका वचन है।

205 आप जानते हैं, वे कहते हैं कि, "भाई इस व्यक्ति ने डिग्री पाने के लिए 40 वर्ष अध्ययन किया है। वह बी. एल.डी., डी. डी. और यह सब है।"

206 आप जानते हैं कि यीशु ने इस सब के विषय में क्या कहा है? उसने कहा, "मनुष्य अपना इंकार करें।" पौलुस ने किया।

आप कहते हैं, "इसका यह अर्थ नहीं है।"

207 तो फिर क्यों पौलुस ने इसका अनुकरण किया? उसने कहा, "मैं कभी तुम्हारे पास लुभावने वाली बातों के साथ नहीं आया, जो मनुष्य की बुद्धि की है, क्योंकि तुम अपनी आशा उस पर बनाओगे। परंतु मैं तुम्हारे पास सामर्थ के प्रगटीकरण के साथ जो पवित्र आत्मा के है, ताकि तुम्हारे वचन होंगे... तुम्हारा विश्वास परमेश्वर के वचन पर निर्मित हो, ना कि बुद्धिमानी के प्रगटीकरण पर।"

208 ऐसा प्रतीत होता है, लोग अपनी आम मर्यादा और शालीनता खो चुके हैं, वे वैसे नहीं जैसे हुआ करते थे। ऐसा होता था, जब भविष्यवक्ता "**यहोवा यो कहता है**" बोलता लोग थरथराते थे। जी हां, वास्तव में हुआ। लोग हिल गए, क्योंकि वे डरते थे, परंतु अब उनका सारा भय समाप्त हो गया। वे परमेश्वर से नहीं डरते।

209 सुलेमान ने कहा, "परमेश्वर का भय बुद्धि का आरंभ है," इसका आरंभ।

210 परंतु भविष्यवक्ता "**यहोवा यो कहता है**" बोल सकता है; लोग कहते, "निर्थक!" देखिए, उनके लिए कोई आशा नहीं है। वे यह कहते हैं, "हम समझदार है। हम बुद्धिमान है, हमें इस प्रकार की चीज नहीं चाहिए! हम जानते हैं कि हम क्या बोल रहे हैं!"

211 यह भी एक पुरानी कहावत है, "मूर्ख कील निकले जूते पहनकर चलेंगे, जहां स्वर्गदूत डरते हैं।" निश्चय ही।

212 अब रूपांतरण क्या है? (जल्दी से) हम इसे कैसे पाते हैं? रूपांतरण क्या करता है? परमेश्वर इसे अपने वचन के आत्मा से करता है, वह बदलता है। वह अपना बीज बोता है, उस पर अपना आत्मा उंडेलता है, और यह फल ले कर आता है। उसका पवित्र आत्मा बीज वचन को रूपांतरित करता है, उसके ही प्रकार में प्रमाणित करता है।

213 आप किस प्रकार के बीज हैं, यह इस बात को दर्शाता है कि आपके अंदर क्या है। आप इसे छिपा नहीं सकते, आप अंदर से जो भी है, यह बाहर दिखाता है। आप इसे होने से रोक नहीं सकते। आप उस वृक्ष को कुछ और नहीं बना सकते, सिवाये जो वह है। देखिए, यह—यह उसी प्रकार होने जा रहा है। पवित्र आत्मा बीजों को रूपांतरण करता है, जो वह अंदर है कोई मतलब नहीं किस प्रकार का बीज है, यह इसका रूपांतरण करता है। यदि यह दृष्ट है, यह दृष्ट को लाएगा, यदि यह ढोंगी है, यह ढोंगी को उत्पन्न करेगा। यदि यह वास्तविक परमेश्वर का वचन है, तो यह मूल परमेश्वर के पुत्र या पुत्रियों को लेकर आएगा, उस विचारशील मनुष्य की छलनी में से, जब बीज उगता है, यह उसमें होकर आता है, यह परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियों को उत्पन्न करता है।

214 एक दिन जब संसार अन्धकार की अव्यवस्था में पड़ा था, परमेश्वर। अब ध्यान से सुने, क्योंकि हम बोलने नहीं जा रहे हैं... बस थोड़ा सा लंबा, देखिए। एक दिन जब संसार सब प्रकार के धर्मों में फिर से था, हाथों को धोना, बर्तन, विभिन्न प्रकार के वस्त्रों को पहनना, टोपियों और आदि–आदि, यह अव्यवस्था के चरम के बीच था। परमेश्वर के वास्तविक इस्त्राईली व्यवस्था और गए थे। और परमेश्वर के अध्यादेश से इतने मिलावटी हो गए थे। यीशु ने कहा, "तुम अपनी रीतियों से परमेश्वर के वचन को लोगों के लिए प्रभावरहित कर देते हो, अपनी रीतियों के द्वारा।" और तुम उन पवित्र प्रोहित को देखते हो, वे उन्हें कहते हैं; और यीशु ने कहा, "तुम अपने पिता शैतान से हो, और तुम उसके कार्य करते हो।" देखिए, उसने ठीक यही कहा।

215 जब संसार इस प्रकार की अवस्था में पड़ा था, तब परमेश्वर का आत्मा अपने पहले से ठहराए हुए बीज पर मंडराया, उसने अनुवाद किया और यशायाह 9:6 का रूपांतरण किया उसकी प्रतिज्ञा का, वह परमेश्वर मनुष्य की देह में बन गया कि समय की अव्यवस्था को बचा ले। जब मनुष्य परमेश्वर की समानता में बनाया गया, तो यहां परमेश्वर आता है, भविष्यवक्ता की पूर्व दृष्टि के द्वारा... अब वचन को स्मरण रखे, भविष्यवक्ता ने इसे पहले से देखा, वही भविष्यवक्ता जिसने शैतान को इन अन्त के दिनों में देखा, इन शिक्षाओं की योजना, और वे बातें जो उसके पास थे, धार्मिक योजनाएं। वही भविष्यवक्ता यशायाह 9:6 ने कहा, "हमारे लिए एक बालक उत्पन्न हुआ, हमें एक पुत्र दिया गया, उसका नाम कहलाएगा, 'सम्मति, शांति का

राजकुमार, सामर्थी परमेश्वर, सदाकाल का पिता।' और उसके राज्य का अंत कभी ना होगा।" और यह परमेश्वर का वचन है, और आत्मा वचन पर मंडराया, और यह कुंवारी के गर्भ में निर्मित हो गया, आमीन। एक मनुष्य "एक पुत्र जन्मा," सृष्टि नहीं हुई, "जन्म।"

216 शैतान ने फिर और कोशिश की इसे छिड़के, वह उसे ऊपर ले गया और बोला, "यदि तुम वही हो जो तुम कहते हो कि तुम हो, तो यहां मेरे लिए कुछ चंगाई करो। मुझे दिखाओ कि कैसे कर सकते हो, इसे रोटी में बदलो, इन पत्थरों को रोटी में, देखें कि तुम छलांग मारो, क्योंकि वचन यह कहता है, तुम यह करोगे।"

217 आज आप उन धर्मी शैतानों को देखते हैं, अब भी वही बात कह रहे हैं? "यदि दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज है; तो यहां भाई *अमुक–अमुक* पड़ा है, देखें आप उसे चंगा करें।"

218 वही शैतान यीशु के पास क्रूस पर खड़ा था, बोला, "यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो क्रूस पर से उतर आ।"

219 वचन ने कहा कि वह परमेश्वर का पुत्र था। आत्मा ने प्रमाणित किया कि वह परमेश्वर का पुत्र था। यशायाह 9:6 पूरा हुआ। उस रात्रि आप में से बहुतों ने प्रसारण सुना है, हम 60 एक विचित्र पवित्र लिख देते हैं, वचन को सिद्ध करने में मैं विश्वास करता हूं कहा यह, यह वह था।

220 ओह, शैतान ने बार फिर यत्न किया, सब कुछ किया। एक रात्रि नाव के पीछे सो रहा था, उसने उसे सोते देखा, और उसने कहा, "अभी मैं इसे नष्ट कर दूंगा।" परंतु वह नहीं कर सका।

221 उसने उसे गलत करने का लालच दिया, परंतु वह नहीं कर सका। क्यों? वह पहले से ठहराए हुए विकर्षक से छिड़का हुआ था, इसे धोखा नहीं दिया जा सकता नहीं, नहीं। वचन ने कहा कि वह यहां पर होगा आमीन कोई भी शैतान उसे परेशान करने नहीं पाएगा, और कोई दूसरा परमेश्वर का पुत्र नहीं जो इस स्थान को लेने के लिए ठहराया हुआ हो, वह एक विकर्षक से छिड़का हुआ है। शैतान का विष, नामधारी डॉक्टर उसे बिल्कुल छू भी नहीं सकता, वह साथ–साथ चलता है, उसे कुछ भी परेशान नहीं करने जा रहा है, इसका उस पर कोई भी प्रभाव नहीं है।

222 "ठीक है, मैं तुम्हें सारी पृथ्वी का विषय बना दूंगा, मैंने इस पर राज्य है, यदि बस तुम मेरी आराधना करो, आकर मेरे झुंड के सदस्य हो जाओ,

मैं—मैं तुम शासक बना दुंगा। तुम्हे ऊपर करने के लिए मैं नीचे उतर आऊंगा।"

223 उसने कहा, "मुझसे दूर हो शैतान। यह लिखा है कि, 'तू परमेश्वर की आराधना करोगे, वचन की और केवल उसी ही की सेवा करोगे।'" तब एक दिन...

इस महान व्यक्ति पर, मैं यहां पर थोड़ा रुकना चाहता हूं।

224 परंतु एक दिन आत्मा उस पर फिर से मंडराया; क्योंकि उसके विषय में कोई वचन लिखा हुआ था, परमेश्वर की ओर से आया, भविष्यवक्ता के द्वारा, "और वह मेमने के समान वध होने के लिए ले जाया गया।" और आत्मा उस पर आया, उसकी अगुवाई की और उसे कलवरी की क्रूस पर भेजा, और वहां वह मरा। और हर बात जो उसकी मृत्यु में उसके लिए कही गई, पूरी हुई, ताकि हर पहले से परमेश्वर के ठहराए हुए बीज के लिए उजियाला और जीवन लेकर आए, जो इस पृथ्वी पर थे, वह इसे करने के लिए एक मार्ग लेकर आया। *यहां* बीज है, आत्मा जीवन को लाता है; परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियों का रूपांतरण कर रहा है, इस संसार की अव्यवस्था के अंधकार से परमेश्वर के पुत्रों और पुत्रियों में।

225 इस "पहले से चुन लिए (ठहराये गये)" जाने वाले शब्द से ठोकर ना खाए। मैं जानता हूं आप खाते हैं। परंतु सुनिए, यह मेरा शब्द नहीं है यह परमेश्वर के वचन है। आप इसे पढ़ना चाहते हैं, इफिसियो 1:5 पढ़िए जो कि, "उसने हमें पहले से यीशु मसीह के द्वारा उसके लेपालक पुत्र होने के लिए ठहराया है।" समझे?

226 बस एक मिनट एक मिनट, एक मिनट, मैं इसकी व्याख्या कर दू, आपके मष्तिष्क से खुलासा कर के बाहर कर कर दू। देखिए, जैसे आप अपने पिता में थे आरंभ में, एक जीवांश बीज, क्या आप जानते हैं, आप में से हर एक? आप अपने दादा के दादा, परदादा थे, क्या आप यह जानते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

227 इब्रानियों की पुस्तकों पढ़े, जहां पर हम यह पाते हैं कि लेवी ने अपना दशमांश जब वह अब्राहम में था, तो दिया, अपने से चार पीढ़ियों पहले। जब अब्राहम ने मल्कीसदेक को दशवांश दिया तो यह उसके पोतो के पोतो के लिए भी गिना गया, जो आने वाले थे, उस समय वह अब्राहम की देह में था। आप भी उसी स्थिति में है। समझे?

228 आप अपने पिता की देह में थे, आपके पिता आपके साथ संगति नहीं कर सकते थे, जब तक आपका रूपांतरण इस मांस की देह में ना हो।

229 मेरा पुत्र मेरे अंदर था, मुझे—मुझे—मुझे एक पुत्र चाहिए था, परंतु तब वह मेरे अंदर था। समझे? वह मुझ में था, परंतु विवाह के द्वारा, वह मेरे समान एक मनुष्य में रूपांतरित हुआ, पवित्र विवाह के द्वारा, और फिर वह मेरे समान हो गया।

230 आप अपने माता पिता के समान हो जाते हैं, क्योंकि आरंभ से यह आप में था। अब यदि हम परमेश्वर के पुत्र हैं, उसके गुण... जो कि आप अपने पिता के गुण है, ना कि अपनी मां के; अपने पिता के जीवांश, पिता में होता है। समझे? और आपकी मां एक उष्मयंत्री थी, आपको रखने के लिए थी। आपके पिता के बीज को रखना। समझे?

231 और भूमि, देह में वह भी उष्मयंत्री है, उसे परमेश्वर के बीजो को रखने के लिए, देखिए, ठीक वैसे ही। ना कि संसार, संसार कितना बड़ा है, यह उतना ही जितना परमेश्वर ने इसे बनाया है। समझे? समझे?

232 अब यदि आप परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां है, तो फिर आरंभ में, आप परमेश्वर में थे, आप उसके गुण है, यदि तब आप उसमें नहीं थे, तो फिर आप कभी नहीं थे, या कभी नहीं होंगे।

233 क्योंकि मैं अपनी देह में, *यहां* या *वहां* इस और उस मनुष्य के पुत्र को नहीं रख सकता, मैं केवल अपने ही पुत्रों को रख सकता हूं, और वे मेरी समानता को अपने में रखेंगे। हाल्लेलुय्या। आप समझे इसे?

234 आरंभ में परमेश्वर के अंदर उसके पुत्र पुत्रियां थे। अब देखिए, आपके अंदर अनंत जीवन है, आप कहते हैं, हम इसका विश्वास करते है कि हमारे पास अनंत जीवन है। वहां तो केवल एक ही अनंत जीवन है और वह परमेश्वर है, और केवल एक ही चीज अनंत है वह परमेश्वर है। तब यदि आपके पास अनंत जीवन है, तो यह जीवन सदा से आप में था, और आप परमेश्वर में थे यहां तक कि इसके पहले संसार था। और जब वचन स्वयं... यीशु स्वयं वचन कहलाया। और संत यूहन्ना एक ने कहा, "आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहदारी हुआ और हमारे बीच रहा।" तब आप यीशु की देह में थे और उनके साथ कलवरी पर गए, आप उसके साथ मरे और आप उसके साथ जी उठे। और आज हम उसमें उसके साथ स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं,

उसकी आत्मा से भरे, परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां, उसके साथ मर गए, उसके साथ जिलाए गए। निश्चय ही।

235 अब फिर, अब आप उसके साथ संगति कर सकते हैं। आप वहां पीछे नहीं हो सकते, क्योंकि आप उसके अंदर एक वचन थे, एक बीज। परंतु अब उसने आपको प्रगट कर दिया, और अब वह चाहता है कि आप उसके साथ संगति करें, तब वह नीचे उतर कर आया और देह धारण की ताकि आपके साथ सिद्धता से संगति कर सके, देखिए, सिद्ध संगति? ओह प्रभु, यह परमेश्वर के गहरे भेद! कितने आश्चर्य जनक है! परमेश्वर आत्मा में संगति नहीं कर सकता, इसलिए परमेश्वर हमारे साथ मनुष्य बन गया।

236 यीशु मसीह अपने में प्रगट हुआ, परमेश्वर था, क्योंकि वह एक पुत्र था, क्योंकि वह एकलौता था, परंतु वह बस उसके निवास के लिए एक मंदिर था। "किसी मनुष्य ने उसे कभी नहीं देखा, केवल उसके एकलौते पुत्र ने उसको प्रगट किया।" परमेश्वर ने अपने लिए एक घर बनाया, एक देह रहने के लिए, नीचे उतर कर आया, ताकि आप उसे छू सके। 1 तीमुथियुस 3:16, "इसमें संदेह नहीं कि भक्ति का भेद गंभीर है, वह जो शरीर में प्रगट हुआ, स्वर्गदूतों को दिखाई दिया, उस पर विश्वास किया गया, स्वर्ग पर उठाया गया।" समझे? अब वह...

237 आप देह होने के कारण, और वह देह में होने के कारण, तो आप संगती कर सकते हैं एक दूसरे के साथ क्योंकि वह परमेश्वर के प्रेम का गुण है। परमेश्वर प्रेम है। क्या ठीक बात है? और यीशु परमेश्वर के प्रेम का गुण है। और जब परमेश्वर का गुण प्रगट किया गया था जो कि, वह स्वयं परमेश्वर था, वे सारे गुण जो उसमें थे, उसमें आए, "सब जो पिता ने मुझे दिया है, मेरे पास आएगा।" निश्चय ही उन्हें पहले से ठहराया हुआ होना चाहिए यदि यह नहीं था, तो आप वहां नहीं थे, बस यही बात है, निश्चय ही।

238 अब हम संगती कर सकते हैं, उसके वचन के धनी होने के कारण और जिसमें कि आप एक भाग है, आप वचन का भाग है; क्योंकि आरंभ में वह वचन था, अब आप वचन है। समझे? आज रात्री मैं प्रचार कर रहा हूं, या रविवार या इन्हीं किन्ही दिनों में, जब मैं आता हूं, वचन के विषय में कि वह क्या है, देखिए। और अब वचन का भाग है।

239 सुनिए, एक चीज जो मैं नहीं कर सकता, मैं अपने पूर्वजों पर घमंड नहीं कर सकता, नहीं, मैं तो भयंकर गंदगी में से आया हूं। मेरे पिता आईरिश पुरुष थे, मेरी मां इंडियन अमेरिकन, आदिवासी, स्त्री आधी इंडियन उसकी मां इंडियन थी, जिसे पेंशन मिलती थी। वे सब पीने वाले थे, अधिकतर वे अपने कर्तव्य पालन में मरे, लड़ते हुए, बंदूक की लड़ाई आदि में। मैं इस विषय में कोई घमंड नहीं कर सकता, क्योंकि मेरे पूर्वजों और मेरे परिवार की वंशावली भयानक है।

240 परंतु, भाई एक चीज है, जिस पर घमण्ड कर सकता हूं, मैं अपने प्रभु यीशु मसीह पर घमण्ड कर सकता हूं, जिसने मुझे छुड़ाया है। और उसकी रूपान्तरण की शक्ति से एक बीज बोया गया, पहले से ठहराया जा कर और मैंने यह देखा कि अब मैं किसका पुत्र हूं? जी हां, मैं उस पर घमण्ड कर सकता हूं। और मैंने उस पर घमण्ड करते हुए, अपने जीवन के 33 वर्ष बिता दिए हैं, यदि वह मुझे और 33 वर्ष दे दे, तो मैं उस पर और अधिक घमंड करने की कोशिश करूंगा। समझे? मैं अपने पूर्वजों पर घमंड कर सकता। हाल्लेलुय्या, वह जिसने मुझे छुड़ाया, और *यहां* जीवन का बीज बोया, और मेरी दृष्टि अपने वचन पर पड़ने दी, अपना आत्मा नीचे भेजा, और कहा, "ये यहां है, *यह* बोला और यह हो जाएगा, *यह* कर।" और ओह, प्रभु! मैं उस पर घमंड कर सकता हूं! उसने यह कैसे किया? वचन के जल से धोने के द्वारा, और अलगाव के जल के द्वारा। जिसका हमने अभी खुलासा किया।

241 सच्चा पहले से चुना (ठहराया) विश्वासी वचन के साथ का रहेगा, क्योंकि वे वचन का भाग है।

242 ओह, भटकने वाले सितारों, तुम कब तक भटकते रहोगे? तुम मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेसबीटेरियन, बाहरवालो, आप जो भी हो सकते हैं, कलीसिया से कलीसिया भटकने वालों सितारों, एक से दूसरे स्थान में, टेलीवीजन से टेलिवीजन, संसार से संसार, तुम क्यों नहीं आते हो? वह तुम्हारे साथ संगती करने की प्रतीक्षा कर रहा है, वह आपकी प्रतीक्षा कर रहा है, वह आपकी बुद्धि को नया करने के द्वारा आपका रूपांतरण कर देना चाहता है, ना कि कलीसिया या नामधारी में, परंतु अपने वचन में, जिसका भाग होने के लिए यदि आप में वह इच्छा है।

धन्य है वे जो धर्म के भूखे और प्यासे हैं; क्योंकि वे तृप्त किए जाएंगे। (देखा? ओह।)

243 और उसने अपनी रूपांतरण की शक्ति भेज दी है कि आपको आपकी उस धार्मिक विकृति से बाहर ले आए, जिसमें आप हैं। इस विकृति की अव्यवस्था जिसमें हम हैं, परमेश्वर ने अपने रूपांतरण की शक्ति भेजी है, उसका प्रमाणित वचन, सिद्ध किया हुआ, कि आपको अज्ञानता की इस धार्मिक विकृति से बाहर ले आए, जिसमें आप चल रहे हैं, "नंगे, अंधे, दयनीय स्थिति और नहीं जानते।" मित्रों इस बात पर विचार करो।

244 आप जानते हैं, परमेश्वर ने अपने रूपांतरण की शक्ति अपने वचन को पूरा करने के लिए भेजी, और साराह और अब्राहम की संपूर्ण देह को बदल डाला, उस बूढ़े पुरुष और बूढी स्त्री का रूपांतरण कर दिया, क्योंकि उसने प्रतिज्ञा की है कि वह इसे करेगा।

245 और जिसे करने की परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है, उसे वह करेगा। वहां कुछ नहीं... वहां कोई भी दूषित चीज नहीं है, परमेश्वर इसके साथ कुछ नहीं कर सकता, परंतु वह अपना वचन बनाए रखेगा, और वह अपना आत्मा भेजेगा! "प्रभु ने इसे लगाया, मैं इसे दिन रात पानी दूंगा, कहीं कोई इसे मेरे हाथों से छीन ना ले," बाईबल यह कहती है।

246 ओह, भटकने वाले तारो, तुम अपने ह्रदयो में इस इच्छा के साथ, आपके पास यह होनी ही चाहिए या फिर आज आप इस सुबह यहां नहीं होते। और आप इन कलीसियाओ और सभागारो और इन जगहों में सारे राष्ट्रों में ना होते, यदि कोई चीज आपको यहां ना लाती, किसी व्यक्ति ने आप से कहा। और आगे मत जाओ। वहां वचन के जल के द्वारा स्नान है, यह आपको हिम के समान श्वेत कर देगा। ओह, परमेश्वर के पुत्रों सुनो! कुरूपता में बने मत रहो, इससे बाहर आ जाओ, अब्राहम ने परमेश्वर का विश्वास किया, और जो भी इसके विरोध में था...

247 आप कहते हैं, "मैं अपनी जीविका कैसे चलाऊंगा? मैं *यह* कैसे करूंगा?" यह काम परमेश्वर का है। "मैं कैसे करूंगा? मेरे साथी मुझे छोड़ देंगे।"

248 परमेश्वर ने कहा, "वह जो अपने पिता, माता, पत्नी पति, घरो, संपत्ति को छोड़ देगा; मैं उन्हें घर और संपत्ति दूंगा, मैं उन्हें पिता और मातायें और भाई और बहने इस संसार में, और आने वाले संसार में अनंत जीवन।"

मित्र, यह प्रतिज्ञा है। यह, ओह, इसे सींचा जाना है, परमेश्वर हर प्रतिज्ञा को पूरा करता है। परमेश्वर का हर बीज एक प्रतिज्ञा है।

249 और बहन अपने बाल कटाने बंद कर दो, क्योंकि परमेश्वर के सामने यह असाधारण है चीज है। उन कपड़ों को पहनना छोड़ दो, यह उसके लिए घृणित है!

250 तुम भाइयों, तुम पुरुषो, इन नामधारियों को खिलाना पिलाना बंद कर दो, अपने कामो के द्वारा और अपनी पत्नियों को यह चीजें कर देने से, यह मसीहत के विरोध में है।

251 वचन पर वापस आ जाओ! उस वचन को ले लो यह बढ़ेगा, इसे बढ़ना हीं है। परमेश्वर की रूपांतरण की शक्ति, जो इसे पहले स्थान पर ले कर आयी, वह फिर से अपने मार्ग पर है, उसे फिर से वापस ला रहा है। यह फिर वही वापस जा रहा है, जहां पर यह था।

252 हनोक मृत्यु से रूपांतरित हो गया, परमेश्वर की रूपांतरण की शक्ति के द्वारा। परमेश्वर ने उसके लिए क्या किया? उठाई जाने वाली कलीसिया का एक प्रतीक जो कि आ रही है। जी हां, एलिय्याह वही था।

253 यीशु की देह मृत्यु के बाद जीवित हो गई थी, और कब्र में यीशु की देह वचन के द्वारा जी उठी थी और वह मृत, ठंडी समानता से पुनुरुत्थान में आ गई, महिमामय परमेश्वर का पुत्र, क्योंकि भविष्यवक्ता भजन संहिता 16:10, यदि आप इसे लिखना चाहते हैं, 16:10 में कहा है, "मैं उसका प्राण अधोलोक में ना छोडूंगा, ना ही अपने पवित्र जन को सड़ने दूंगा।" ओह, परमेश्वर!

254 उस वचन को घटित होना ही है, यह परमेश्वर का वचन है! इसे अपने ह्रदय में बोले, यदि आप उठा लिए जाने में सम्मलित होना चाहते हैं, यदि आप मसीही होना चाहते हैं वास्तव में, तो इस वचन को रख ले। जैसा कि मैं विश्वास करता हूं यह यहेजकेल था, परमेश्वर ने कहा, "इस पुस्तक को ले और खा जा," ताकि भविष्यवक्ता और वचन एक हो जाए। और उसमें की हर एक प्रतिज्ञा स्वयं प्रगट होनी है, क्योंकि यह परमेश्वर का मूल बीज है। आप शिक्षा पाये धर्म विज्ञानी जो वहां पर है, इसे अपने में से बाहर बखरने का यत्न ना करें, उसे अपने ऊपर शारीरिक विज्ञान से और ज्ञान और शिक्षा से प्रभाव ना डालने दे। परमेश्वर पर विश्वास करें!

255 अब्राहम ने अपने दिन की विज्ञान की खोज को नहीं लिया कहता, "बालक पाने के लिए मैं बहुत बुढा हूं, मुझे बहुत देर हो गई। मैंने *यह वह* किया या कुछ *और*।" परंतु जो भी बात परमेश्वर के वचन के विरोध में थी, तो जैसे कि वह नहीं थी। और परमेश्वर की प्रतिज्ञा से अविश्वास की द्वारा डगमगाया नहीं; परंतु मजबूत और परमेश्वर की महिमा करता रहा, वह जानता था कि परमेश्वर, अपनी प्रतिज्ञा को पूरी करने के योग्य है, जो उसने की है।

256 ओह, भटकने वाले पुत्रों, इस पृथ्वी की बेलों से विकृत! भटकने वाली बहनों, इस संसार के स्थानों और फैशनो ने आपको खेच लिया है। और प्रिय बहन, आप मुझे बूढ़ा तकियानूसी समझ सकती है, परंतु किसी एक दिन जब आप उससे मिलेंगे जिससे फ्लोरेंस शकेरियन मिली उस रात्रि, वह भी इस कमरे में बैठी, इस स्थान में जैसा कि आप जानते हैं। जब आप वहां मिलते हैं, तब आप पायेंगे कि यह मैं नहीं, परंतु यह वचन सही है, उन नाई की दुकानों और उन फैशन की दुकानों से दूर रहिये, उन चीजों से अलग रहे।

257 कहते हैं, कि आप उन्हें बड़ी–बड़ी बातें क्यों नहीं सिखाते इससे क्या? अपने क ख ग से आरंभ करें, और फिर हम बीजगणित पर आएंगे। समझे? सीखना आरंभ करें, "जो की समझदारी वाली सेवा है।"

> *इसलिए हे भाइयों मैं तुम से परमेश्वर की दया दिला कर स्मरण दिला कर विनती करता हूं कि अपने शरीरो को जीवित, और पवित्र, और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ, यही तुम्हारी आत्मिक सेवा है।*

258 आप यह करें, "यह आपकी आत्मिक सेवा है," बाकी की चिंता परमेश्वर आप कर लेगा, चीजो के तर्क ना करें तो आप अपने को तर्क से बाहर कर लेंगे, और करें। क्या यह नहीं है... क्या यह नासमझ नहीं है कि एक स्त्री अपने को नंगा करें और बाहर निकल कर इस प्रकार का व्यवहार करें, जबकि बाईबल इसे दोषी ठहराती है? क्या यह ना समझी नहीं कि मनुष्य स्वयं को ऐसे धर्म सिद्धान्तों में ले जाए, जैसे आज हमारे पास है और यह सारी चीजें यहां है, और यह सारी धर्म विज्ञान की चीजें, और इस प्रकार की चीजें जबकि यह पूरी रीती से परमेश्वर के वचन के विरोध में है? समझे?

259 यशायाह के होंठ, वह अशुद्ध होंठो वाला, एक साधारण मनुष्य था। उसने कहा, "प्रभु, मैं अशुद्ध लोगों के बीच रहता हूं, और मेरे भी होठ अशुद्ध है। हाय, मुझ पर क्योंकि मैंने परमेश्वर को देखा है।" और एक स्वर्गदूत उतर कर आया, और उसने एक अंगार लिया, परमेश्वर की वेदी से पवित्र अंगारा और उसके होंठो का रूपांतरण कर दिया, भटकते मनुष्य के होंठो से, भविष्यवक्ता के होठो में रूपांतरण कर दिया, **यहोवा यो कहता है** के साथ, परमेश्वर की रूपांतरण की शक्ति!

260 एक सौ बीस मछुआरे, और—और बैजनी वस्त्र के बेचने वाली स्त्रियां, वे ऊपर की एक कोठरी में जमा हुए, और दरवाजे बंद उनमें से कुछ इतने भी शिक्षित नहीं कि अपने नाम के हस्ताक्षर कर ले। परमेश्वर ने उनका रूपांतरण मछुआरे से, मनुष्य के पकड़ने वालों में कर दिया, उन सड़क गलियों के पुरुष और स्त्रियां से अमरणहार परमेश्वर के संतों में परमेश्वर की रूपांतरण की शक्ति!

261 पौलुस स्थानिय कलीसिया का सदस्य, प्रेसबीटेरियन मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेंटीकोस्टल या कुछ, वहां सड़का वह गया, अपनी विरोध की आत्मा के साथ, उनमें से किसी से भी अधिक जानता था, गेमलियल की अधीनता में पढ़ा–बड़ा राष्ट्र के एक अच्छे शिक्षा में से एक। दश्मिक की राह पर जाते हुए क्या हुआ, विश्वास करने वाले लोगों के झुंड को पकड़ ले, जो परमेश्वर के वचन पर विश्वास करते हैं? अपने मार्ग पर जाते हुए, प्रहार से नीचे गिर गया, और उसने एक संदेश सुना और इसने इसे, कलीसिया के सदस्य और कलीसिया में जाने वाले से, परमेश्वर के भविष्यवक्ता में बदल दिया, जिसने नए नियम के अंदर परमेश्वर के वचन को लिखा। कलीसिया के सदस्य से एक संत में!

262 और भटकने वाले सितारों, आईये रुक जाए, भटकते पुत्र, भटकते वंश, जो एक से दूसरे स्थान में जा रहे हैं, इस विकृती में, बालको इस प्रात: इसे घुमा दो। मेरी बात को ऐसे—ऐसे सुनो, जो जीवतो और मरे हुओ के बीच खड़े होने का यत्न कर रहा है।

263 सारे राष्ट्रों में जहां कहीं यह प्रसारण हो रहा है, यदि अब भी आप इससे जुड़े हैं, आप जो जगहों में भटक रहे हैं, एक मिनट और बैठ जाए। मैं जानता हूं यह ट्यूसान में देर हो रही है, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं, फिनिक्स, बारह बजने में 20 मिनट है। और सुबह से ये सारे लोग मेरे साथ, मैंने आपको

आपके कार्यों से अलग कर रखा है। परन्तु प्रिय मित्र, देखिये, आप सदा के लिए परमेश्वर से दूर हो सकते है, इस प्रात: कृपा करके वापस आए, क्या आप नहीं? सोते के पास अभी स्थान है।

बहुत पहले चरनी में, मैं जानता हूं यह वास्तव में ऐसा है
एक बालक जन्मा कि मनुष्यो को उनके पापों से बचा ले।
यूहन्ना ने उसे किनारे पर देखा, सदा काल का मेमना
ओह, मसीह, जो कलवरी पर क्रूस पर चढ़ा।

ओह, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं, गलीली से
क्योंकि उसने मेरे लिए बहुत कुछ किया है
उसने मेरे सारे पाप क्षमा कर दिए, पवित्र आत्मा को मुझ में डाला,
ओह, मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं

एक महसूल लेने वाला एक दिन मंदिर में प्रार्थना करने गया,
वह रोया, "ओह, प्रभु मुझ पर दया कर!"
उसका हर पाप क्षमा कर दिया गया, और एक असीम शांति उसके ह्रदय में आ गई
उसने कहा, "आओ इस मनुष्य को देखो, जो गलील से हैं।" यह ठीक बात है।

लंगड़े चलने लगे, गूंगे बोलने लगे,
वह सामर्थ सागर पर प्रेम के साथ बोली
अंधो की आंखें खोली, मैं जानता हूं यह केवल
उस मनुष्य की जो गलील से उसकी दया है।

264 आज की सेवकाई का प्रतीक।

कुंए पर एक स्त्री, उसने उसके सारे पाप बता दिए
एक समय कैसे उसके पांच पति थे
उसका हर पाप क्षमा कर दिया गया और एक असीम शांति उसके अंदर आ गई;
वह चिल्लाई, "आओ एक मनुष्य को देखो जो गलील से है!"

265 स्त्री को वह जान गया, देखिए इस सुबह उसने आपके ह्रदय को पढ़ लिया। ओह, महसूल लेने वाले आओ प्रार्थना करे!

ओह मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं जो गलील से है,
क्योंकि उसने मेरे लिए बहुत कुछ किया है।
उसने मेरे सारे पाप क्षमा कर दिए हैं, पवित्र आत्मा मेरे अंदर दिया;
ओह, मैं प्रेम करता हूं, मैं उस गलील से जो मनुष्य है, प्रेम करता हूं।

266 क्या आज सुबह, मेरे साथ आप उससे प्रेम करेंगे? दूर–दूर धूमने वाले पापी, यहां या जहां बाहर आप हैं, क्या आज सुबह आप मेरे प्रभु को स्वीकार करेंगे? वह वचन है और वचन आपके पास लाया गया है। क्या आज सुबह आप उसे स्वीकार करेंगे? क्या आप अपने हाथों को उठायेगे, या अपने पैरों पर खड़े होंगे या कुछ और प्रार्थना करें, कहे, "मैं उसे अभी स्वीकार करना चाहता हूं। भाई, मेरी इच्छा है, इसी समय मेरी इच्छा है कि मैं उसे स्वीकार करूं।" क्या आप अपने पैरों पर खड़े होंगे, कोई भी जो प्रार्थना करवाना चाहता हैं और कहे, "मैं हूं... " प्रार्थना के लिए, "बल्कि मैं एक पापी हूं। मैं चाहता हूं... " श्रीमान, परमेश्वर आपको आशीष दे। कोई और? एक मिनट के लिए हर कोई प्रार्थना करें।

ओह, उस चरनी में बहुत पहले (यह सब अव्यवस्था में था, सारा संसार आप जानते हैं) और मैं जानता हूं कि यह वास्तव में ऐसा था,
एक छोटा बालक मनुष्य को उसके पाप से बचाने के लिए जन्मा।

जब यूहन्ना ने उसे किनारे पर देखा, वह वही सदा का
मेमना था (वही वाला आज)
ओह, वह मसीह है, कलवरी पर क्रूस पर चढ़ा हुआ।

267 क्या आप आज उसे अपने सारे हृदय से प्रेम करेंगे, ताकि आप इस संसार की स्थिति से बाहर आ जाए, जिसमें आप बैठे हैं? आप स्त्रीयो, आप पुरुष, आप इस सारे समय किसलिए बैठे रहे? यह इस बात को दर्शा रहा है कि कुछ आपके भीतर है, वहां कोई भूख है और प्यास है। नहीं तो आप इस भवन में दो तीन घंटे इस प्रकार से नही बैठते; कुछ है, क्या आप आज उस ओर नहीं बढ़ेंगे? फैशन और विज्ञान और संसार की सारी चीजें इसी समय आपके विचारों से निकल जाए, प्रिय भाई और प्रिय बहन।

कलीसियाये जुड़ रही है, महान राष्ट्र टूट रहे हैं, इस्राएल
जाग रहा है,
वे चिन्ह जो नबी ने पहले से बताये;
अन्यजाति के दिन गिने हुए हैं, हेंगा भारी होता जा रहा
है
"ओह, पिछड़े हुओं अपनों में लौट आओ।"

छुटकारे का दिन समीप है,
मनुष्य के हृदय भय से बैठे जा रहे हैं;
आत्मा से भर जाओ, अपने चिरागों को छांट और साफ
कर लो
ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है!

झूठे नबी झूठ बोल रहे हैं, परमेश्वर की सच्चाई का
इंकार कर रहे हैं
कि यीशु मसीह हमारा परमेश्वर है।

268 अब यह सच है, आप यह जानते हैं, हम में से प्रत्येक जिस दिन में हम रह रहे हैं।

परंतु उसने कहा सांझ के समय के लगभग उजियाला
होगा,
महिमा का मार्ग तुम निश्चय ही पाओगे।

269 यही दिन है जिसमें अब इस समय हम रह रहे हैं। सांझ के समय उजियाला चमकेगा, जब अंधकार बढ़ रहा होगा, गोधूली और सांझ का तारा

गोधूली और सांझ का तारा
और उसके बाद अंधकार
फिर विदाई का कोई दु:ख ना होगा
जबकि अंत में मैं सवार हो गया

क्योंकि सब बिना समय और स्थान की सीमा के हैं
बाढ़ मुझे दूर ले जा सकती है
परंतु मैं अपने खेवनहारे को आमने सामने देखना चाहता हूं,
जब मैं उस बाडे के पार जमा जाऊं

मुझे दु:खों की गिनती ना बताओ
कि जीवन बस एक खोखला सपना है!
और ऊंघने वाला प्राण मरा हुआ है,
और चीजें वैसी नहीं जैसी वे प्रतीत होती है।

हां जीवन सच्चाई है! और जीवन एक पेशगी
और कब्र इसका उद्देश्य नहीं
क्योंकि तू मिट्टी है, मिट्टी में वापस जाता है
क्या यह प्राण के लिए नहीं बोला गया

हाँ, महान मनुष्यो के जीवन सब हमें याद दिलाते हैं
और हम अपने जीवनो को भव्य बनाते हैं
और अलग होकर अपने पीछे छोड़ जाते हैं
समय की रेत पर पद चिन्ह;

पद चिन्ह जो संभवत: दूसरे,
जबकि मुख्य समारोह में हम जीवन को खो रहे हैं,
एक दयनीय और टूटी नाव
भाई देखने में ह्रदय को फिर ले लेगा

आओ उठे, फिर और करते रहे
एक ह्रदय के साथ किसी संघर्ष के लिए;
गूंगो के समान ना बनो, हाके हुए पशु!
संघर्ष में एक बहादुर बनो!

270 प्रिय परमेश्वर, ये आपके हैं, मैंने देखा दो पुरुष अपने पैरों पर खड़े हैं, पिता, परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इनको अब ले लेंगे। ये आपके पुत्र बनना चाहते हैं। वे अपने जीवन की अज्ञानता से जाग उठे हैं, जिसमें वे जीए हैं, अब वे ताजा होना चाहते हैं, नए पवित्र आत्मा का बपतिस्मा उस बीज पर जो उनके ह्रदयो में इस दिन बोया गया। अनंत पिता, सारी चीजों के रचने वाले, जिसने आपका वचन बनाया, और मैं विश्वास करता हूं कि आपको मालूम था कि ये मनुष्य इस प्रात: यह करेंगे। प्रभु मैं प्रार्थना करता हूं कि आप वचन को सीचेगे, दिन और रात सीचेंगे, और शैतान इसे कभी भी आपके हाथों से लेने ना पाए। होने पाए यह एक वृक्ष हो जाए जो कभी परमेश्वर के स्वर्ग लोक में था, जब यह सारा फिर वापस लाया गया, क्योंकि आपका वचन असफल नहीं हो सकता, यह फिर करेगा। इस संसार में...

271 और उस आने वाली संसार में इस प्रकार की सभ्यता नहीं होगी। वहां कोई वाहन नहीं होगा या कुछ ऐसा जो विज्ञान ने किया है। उस आने वाले संसार में इस प्रकार की चीजें नहीं होंगी। परंतु यह परमेश्वर की अपने ही प्रकार की सभ्यता होगी, जिसे की वह अपने महिमा वाले राज्य में रखेगा। क्योंकि इस सभ्यता में यहां बीमारी, मृत्यु, दुःख, कब्रे और जरूरते है। परंतु उस आने वाले राज्य के अंदर वहां कोई मृत्यु, कोई दुःख, ना रोग, ना बूढी आयु। ओह परमेश्वर, वहां सब कुछ आपकी सभ्यता में नया होगा।

272 परमेश्वर अपनी सामर्थ के द्वारा हमारा रूपांतरण कर दे, हमारे विचारों को नया करने के द्वारा कि हम संसार की बेकार चीजों से फिर जाए और परमेश्वर के वचन में हो जाए। और परमेश्वर के रूपांतरण की शक्ति बीज पर होने के द्वारा, जो हमारे ह्रदय में है हम नए हो जाए कि हम वह जीव जो परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां कहलाते हैं, उस पर विश्वास करें। पिता, मेरी आप से यह प्रार्थना है, इन लोगों के लिए, यीशु के नाम में। आमीन।

273 आप लोग जो संचार व्यवस्था पर है, आप जो भी है मैं चाहता हूं कि आप मसीह को वही स्वीकार करें, अपना व्यक्तिगत बचाने वाला और उसकी

आत्मा से भर जाए। वे वचन जो आज प्रात: कहे गए, वे आपके ह्रदय में बैठ जाए, और आप यीशु को स्वीकार करें और आप अपने जीवन पर ध्यान करें, और देखें कि इसके बाद आपका जीवन क्या है, और यहां विचारशील मनुष्य की छलनी ले। जब आप देखें कि आप कुछ ऐसा कर रहे हैं, जो इस वचन के विरोध में है, एकदम से वहां से हट जाए। समझे? क्योंकि वहां एक छलनी है, जो मृत्यु को आपसे अलग रखती है, यह परमेश्वर का वचन है, उसके वचन जीवन है, और वे आपको मृत्यु से अलग रखेंगे।

274 और आप लोग जो यहां सभागार में है, मैंने लंबे समय से आपको रोक रखा है, आपकी उपस्थिति के लिए आपको धन्यवाद देता हूं, और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर इस बीज को कभी ना मरने दे। मैं आशा करता हूं कि आप ऐसा नहीं सोचते कि मैं यहां अपने को कुछ अलग बनाने को यह बातें कहता हूं, मैंने यह प्रेम के कारण कहा है, और यह जानते हुए कि मैं एक मरणहार हूं, जैसा कि मैं अब हूं, केवल यही समय है कि मैं कभी लोगों को प्रचार करने योग्य होऊं। और मैं यीशु मसीह से प्रेम करता हूं, वह मेरा बचाने वाला है और याद रखें, मैं वहां बाहर सड़क पर होता, यदि मैं उसके लिए होता। मैं वहां बाहर होता; मेरे सारे अभिभावक मेरे सारे लोग पापी थे, परंतु परमेश्वर ने अपनी रूपांतरण वाली शक्ति से, मैं जानता हूं उसने मुझ में से एक नई सृष्टी बना दिया। आपके लिए मैं—मैं इसकी सिफारिश करता हूं, कि भले रहे। और यह संकट की घड़ी में सुरक्षित रखेगा, यहां तक कि मृत्यु में, दरवाजे पर आपको भय नहीं होगा। "हमें परमेश्वर के प्रेम से कुछ भी चीज अलग नहीं कर सकती, यह मसीह में है।" परमेश्वर आप में से प्रत्येक को आशीष दे, और आपको अनंत जीवन दे।

275 कितने यहां पर है, जिनके पास परमेश्वर का बीज नहीं है, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा? क्या आप अपना हाथ उठायेगे, कहे, "भाई ब्रन्हम, मुझे याद रखें कि मैं पवित्र आत्मा पाऊंगा।" अब वचन को अपने ह्रदय में—में ले जाए और इसका विश्वास करें। अब यदि आप... आप अपने को देख सकते हैं। जा कर अपने को दर्पण में देखें, और आप देख सकते हैं कि आप कहां पर हैं। देखिए, आप जान सकते हैं।

276 आप कहते हैं कि, "भाई, मैंने अपना हाथ नहीं उठाया, क्योंकि मैं विश्वास करता हूं कि मेरे पास है।"

277 अपने आप को दर्पण में देखें, तब आप देखें कि "किस प्रकार की आत्मा आपको धोखा दे रही है, देखिए। धोखे के विचार! एक मार्ग है जो मनुष्य को सही जान पड़ता है, परंतु अंत में वह मृत्यु का मार्ग होता है।" क्या यह सही बात है?

क्रूस पर जहां मेरा बचाने वाला मरा,
वही मैं पापों से साफ हुआ, मैं रोया;
ओह वहीं मेरे ह्रदय पर लहू लगाया गया;
महिमा...

278 अब बस एक मिनट के लिए अपनी आंखें बंद करें, और इसे उसके लिए जाइए गाए, आइये अपने हाथों को उठाये।

उसके नाम की महिमा हो, उसका कीमती नाम!
उसके नाम को महिमा मिले!
वही मेरे ह्रदय पर लहू लगाया गया
उसके नाम की महिमा हो...

279 मैं चाहता हूं कि मसीही एक दूसरे से हाथ मिलाए, जो बच गए।

मैं आश्चर्य जनक रूप से पाप से बचा,
यीशु बहुत ही मिठास के साथ मुझ में है,
वहां उस क्रूस पर जहां उसने मुझे अंदर लिया;
उसके नाम की महिमा हो!

उसके नाम की महिमा हो, कीमती नाम!
उसके नाम को महिमा मिले!
ओह वहां मेरे ह्रदय पर लहू लगाया गया;
उसके नाम को महिमा मिले!

280 लहू में जीवन का जीवांश होता है, आप जानते हैं। यह उनके लिए है, जो उसे नहीं जानते।

ओह, इस बहुतायत के सोते के पास आ जाओ और मीठा;
अपने बेचारे प्राण को बचाने वाले के चरणों पर डाल दो;
ओह आज उसमें गोता लगा लो और पूरे हो जाओ;
उसके नाम की महिमा हो!

ओह महिमा...

आइए जैसे कि हम गाते हैं, अपने सिरों को झुकाए।

उसके नाम की महिमा हो!
वहां मेरे हृदय पर लहू लगाया गया था;
उसके नाम की महिमा हो!

281 आप उससे प्रेम करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] पौलुस ने कहा, "मैं आत्मा में गाऊंगा, मैं आत्मा में आराधना करूंगा।" आईये इसे कोमल स्वर में गाये, फिर से अपने हाथों को उठाये।

282 इसकी परेशानी आप जानते हैं, हम पेंटीकोस्टल लोग हम अपना आनंद खो चुके, हम अपना मनोभाव खो चुके हैं। जैसा उस रात्रि कि बिली ग्राहम ने कहा, "वे प्रचारक, गोल घूमे हुए कोलर, नीचे दक्षिण में जाकर तालियां बजाते, पैरों से ताल जीवन पर ऊपर नीचे करते, थपकी दे रहे हैं, उनके पास कुछ था, जिसके लिए वे आनन्दित थे।" भाई, हां मेरे पास कुछ है जिसके विषय में मैं आनंदित हूं। समझे? समझे? जी हां। जी हां। हम अपने मनोभाव खो चुके हैं।

283 अब आइए, अपने हाथों को उठाये, आंसुओं की चिंता ना करें, वह कुछ हानि नहीं करेंगे, वे चोट नहीं पहुंचाते। "वह जो आंसू बहाते हुए बोते हैं, नि:संदेह फिर वापस आएंगे कीमती फूलों को लायेगा।" ठीक है।

उसके नाम की महिमा मिले, कीमती नाम!
उसके नाम की महिमा हो!
वहां मेरे हृदय पर लहू लगाया गया;
उसके नाम को महिमा मिले!

उसको महिमा... (ओह परमेश्वर! परमेश्वर की महिमा हो!)
उसके नाम की महिमा हो

प्रभु बीज बैठ गया, हृदय के अंदर!

मेरे हृदय पर लहू लगाया गया;
उसके नाम की महिमा हो!

परमेश्वर की शक्ति रूपांतरण के लिए HIN65-0911

(God's Power To Transform)

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 11 सितम्बर, 1965 को फुल गोस्पल बिसनेसमेन के फैलोशिप अंतर्राष्ट्रीय नाश्ते के लिए, फिनिक्स, रामदा इन, एरिज़ोना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोर्डिंग से लिया गया है, और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org